www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 26 जनवरी 2025 | 13 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 29, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

WEMBLEY® SINCE 1961

(An ISO 9001-2008 Certified Co.)
Wembley Paints & Chemicals
Bring Home Wide Range of
Premium Interior & Exterior Paints

Winner of National Award 2015
Winner of GOLDEN PEACOCK AWARD LONDON
High Gloss Emulsion For Exterior & Interior
High Build Primer for High Gloss Emulsions

गणतंत्र दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
WEMBLEY
THE COMPLETE SOLUTION
For WOOD & WALL COATINGS (SINCE-1961)
JAIN TRADERS UNA Mob.: 9805002437
Authorized Distributors For: Himachal Pradesh
Wembley Paints and Chemicals and Indo Wembly Paints Pvt. Ltd.

## गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

'अनंत ज्ञान' परिवार की तरफ से सभी सुधि पाठकों, एजेंट मित्रों, वितरक बंधुओं और विज्ञापनदाताओं को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

### अंक बंद रहेगा

गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को अवकाश रहेगा। 27 जनवरी को अखबार का प्रकाशन नहीं होगा। हमारा अगला अंक अब 28 जनवरी को उपलब्ध होगा। -प्रबंधक

सूर्योदय 7:12 सूर्यास्त 5:55

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.0 न्यू | 17.4 अधि |
| धर्मशाला | 5.2 न्यू | 19.1 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76190.46 |
| निफ्टी | 23092.20 |
| सोना 80,380 | चांदी 94,690 |

# 25 हजार पद भरेगी सरकार : सुक्खू

## मुख्यमंत्री ने बैजनाथ में 55वें पूर्ण राज्यत्व दिवस पर किया ऐलान

**संजय अग्रवाल, बैजनाथ**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार विभिन्न श्रेणियों में 25,000 नए पद सृजित करने की योजना बना रही है, जिससे विभिन्न योग्यता वाले बेरोजगार युवाओं को राज्य की सेवा करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि 25 हजार नौकरियों के लिए भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को बैजनाथ में आयोजित 55वें पूर्ण राज्यत्व दिवस पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने रोजगार सृजन को प्राथमिकता के रूप में रेखांकित किया, जिसमें पिछली भाजपा सरकार के तहत पांच साल में 20,000 की तुलना में पिछले दो साल में 42,000 से अधिक नौकरियां प्रदान की हैं। सरकारी क्षेत्र में 12,500 से अधिक पद भरे गए हैं, जिनमें प्रारंभिक शिक्षा विभाग में 3,202 पद शामिल हैं और 2025 में लगभग 8,000 और पद भरे जाएंगे। 2,095 टीजीटी, शास्त्री और जेबीटी पद, साथ ही 245 विशेष शिक्षक और 6,297 एनटीटी शिक्षक शामिल हैं। उच्च शिक्षा विभाग में 1,097 पद भरे गए हैं और 1,337 कर्मचारियों को नियमित किया गया है।

उन्होंने कहा कि सीमित सीधी भर्ती के माध्यम से 769 कंप्यूटर शिक्षकों और अन्य के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। (अनंत ज्ञान)



बैजनाथ में 55वें पूर्ण राज्यत्व दिवस पर आयोजित समारोह में लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### लोगों के सहयोग से चुनौतियों पर पाएंगे काबू

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष चुनौतीपूर्ण है, लेकिन राज्य के लोगों के सहयोग और देवताओं के आशीर्वाद से इन चुनौतियों पर काबू पा लिया जाएगा। पूर्व जयराम सरकार ने हिमाचल प्रदेश के राजस्व को बढ़ाने के बारे में नहीं सोचा। हमारी सरकार ने 'व्यवस्था परिवर्तन' के माध्यम से राज्य की तस्वीर बदलने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास शुरू किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार के दौरान घोटाले के कारण रुकी हुई भर्ती को मंजूरी दे दी गई है, जिसमें 2,273 पद भरे गए हैं।

### पैराग्लाइडिंग सेंटर एवं होटल परिसर का किया उद्घाटन

**सीएम** सुक्खू ने बीड़ पैराग्लाइडिंग सेंटर एवं होटल परिसर का उद्घाटन किया। यह भवन बीड़ के मध्य में स्थित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में साहसिक खेल और पर्यटन तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं, जो उत्साह, चुनौती और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक अनूठा मिश्रण हैं। बीड़ पैराग्लाइडिंग सेंटर एवं होटल परिसर हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम और एबीवी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एलाइड स्पोर्ट्स, मनाली की ओर से संयुक्त रूप से चलाया जाएगा। भवन का कुछ हिस्सा एबीवी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एलाइड स्पोर्ट्स, मनाली की ओर से पैराग्लाइडिंग पाठ्यक्रम चलाने के लिए रखा जाएगा और परिसर के बाकी हिस्से में बीड़ में आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए होटल की सुविधा होगी।

#### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का संबोधन

## हमारा संविधान जीवंत दस्तावेज सामूहिक अस्मिता का मूल आधार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को राष्ट्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियों, नमस्कार! गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मैं आप सबको हार्दिक बधाई देती हूं।

उन्होंने कहा कि हमारा संविधान एक जीवंत दस्तावेज है, जो हमारी सामाजिक अस्मिता का मूल आधार है। किसी राष्ट्र के इतिहास में 75 साल का इतिहास पलक झपकने जैसा होता है। भारत के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है। इस काल खंड में भारत की चेतना जागी। इस ऐतिहासिक अवसर पर आप सबको संबोधित करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज हमें उन वीरों को याद करना चाहिए, जिन्होंने देश को आजाद कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास की दर बढ़ने से किसानों-मजदूरों के हाथ में पैसा आया है। किसान भाई-बहनों ने कड़ी मेहनत की और हमारे देश को अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया है।

## सद्भाव संविधान और सामाजिक लोकाचार की आधारशिला : शुक्ल



**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों के नाम आकाशवाणी और दूरदर्शन से संदेश जारी किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस किसी भी अन्य त्योहार से बड़ा होता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सद्भाव भारत के संविधान और सामाजिक लोकाचार की आधारशिला है। भारत की सांस्कृतिक विरासत सद्भाव में निहित है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### सुप्रीम कोर्ट करेगा हुसैन की याचिका पर सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की तीन न्यायाधीशों की पीठ 28 जनवरी को पूर्व निगम पार्षद और फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की याचिका पर सुनवाई करेगी, जिसने राजधानी में आगामी विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांगी है।

### दिल्ली चुनाव : भाजपा का संकल्प पत्र पार्ट-3 जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने शनिवार को अपना 'संकल्प पत्र पार्ट-3' जारी किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी के चुनावी घोषणापत्र में दिल्ली के मतदाताओं से कई वादे किए। संकल्प पत्र में 1,700 अनधिकृत कॉलोनियों को मालिकाना हक, सील की गई 13,000 दुकानों को 6 माह बाद दोबारा खोलने, पाकिस्तान शरणार्थियों को मालिकाना हक देने, युवाओं को 50 हजार सरकारी नौकरियां देने का वादा किया।

### सिद्धरमैया के खिलाफ 'क्लोजर रिपोर्ट' स्वीकार

**बेंगलुरु।** निर्वाचित प्रतिनिधियों के खिलाफ आपराधिक मामलों की सुनवाई करने वाली एक विशेष अदालत ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से जुड़े रिश्वत मामले में कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस की ओर से दायर 'क्लोजर रिपोर्ट' स्वीकार कर ली है। भाजपा नेता ने सिद्धरमैया पर आरोप लगाया था कि बेंगलुरु टर्फ क्लब (बीटीसी) में एक प्रबंधक की नियुक्ति के बदले मुख्यमंत्री के रूप में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान उन्होंने 1.3 करोड़ रुपए लिए थे।

### पीएम ने दी पूर्ण राज्यत्व दिवस की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व दिवस पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि हिमाचल प्रदेश के सभी क्षेत्रों को पूर्ण राज्यत्व दिवस की बहुत-बहुत बधाई। मेरी इच्छा है कि अपनी प्राकृतिक सुंदरता और भव्य विरासत को सहेजने वाली हमारी यह देवभूमि विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़े।

## दुनिया के सबसे ऊंचे ब्रिज से गुजरी वंदे भारत

**एजेंसी, जम्मू**

**भारतीय** रेलवे ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के कटरा शहर से श्रीनगर तक वंदे भारत ट्रेन का सफल ट्रायल रन किया।

इस ट्रायल के साथ उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक पर यात्री सेवा शुरू करने से पहले सभी तकनीकी जांच और परीक्षण पूरे हो गए हैं। वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन से श्रीनगर स्टेशन तक दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल चिनाब ब्रिज पर किया गया। ट्रेन अंजी खाद ब्रिज से भी गुजरेगी। यह भारत का पहला केबल-स्टेड रेलवे ब्रिज है। ट्रेन को डिजाइन करते समय जलवायु अनुकूलनशीलता को भी ध्यान में रखा गया है।

**कटरा से श्रीनगर तक सफल ट्रायल रन**



### बांके बिहारी मंदिर को एफसीआरए लाइसेंस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर को विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम यानी एफसीआरए के तहत लाइसेंस प्रदान किया है, ताकि वह विदेश से धन प्राप्त कर सके। मंदिर का प्रबंधन फिलहाल एक अदालत कर रही है, जिसने एक प्रबंधन समिति गठित की है। मंदिर को एफसीआरए, 2010 के तहत लाइसेंस दिया गया है।

## राष्ट्रपति पदक से अलंकृत होंगे हिमाचल के 3 जांबाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**हिमाचल** प्रदेश के अग्निशमन और गृहरक्षा के तीन जांबाज राष्ट्रपति पदक से अलंकृत होंगे।

हिमाचल प्रदेश में अग्निशमन सेवाओं में सराहनीय सेवा के लिए स्टेशन फायर ऑफिसर ठाकुर दास व होम गार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के कंपनी कमांडर दिनेश कुमार और प्लाटून कमांडर बुध राज को गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गणतंत्र दिवस पर इन तीन जांबाजों को सराहनीय सेवा के लिए पदक प्रदान करने की घोषणा की है। गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा की अतिरिक्त महानिदेशक एवं महाआदेशक सतवत अटवाल ने राष्ट्रपति पदक से अलंकृत होने वाले जवानों को शुभकामनाएं दी हैं। पहले राज्य से पुलिस जवानों को सेवा के लिए पदक प्रदान किए जाते थे, लेकिन इस बार हिमाचल से सिर्फ अग्निशमन और गृह अग्निशमन और गृहरक्षा के तीन जांबाज राष्ट्रपति पदक से अलंकृत होंगे।

## मुंबई हमले का दोषी तहव्वुर राणा लाया जाएगा भारत

### अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने दी प्रत्यर्पण की मंजूरी

**एजेंसी, मुंबई**



**मुंबई** हमले (26/11) के दोषी तहव्वुर राणा को जल्द भारत लाया जाएगा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था।

13 नवंबर 2024 को राणा ने निचली अदालत के प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 21 जनवरी को खारिज कर दिया था। राणा के पास प्रत्यर्पण से बचने का यह आखिरी मौका था। इससे पहले उसने सैन फ्रांसिस्को की एक अदालत में अपील की थी, जहां उसकी याचिका को खारिज कर दिया था। अमेरिकी अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत भेजा जा सकता है। मुंबई हमले की 405 पन्नों की चार्जशीट में राणा का नाम भी आरोपी के तौर पर दर्ज है।

### सैफ अली खान का लिया ब्लड सैंपल



**मुंबई।** सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में मुंबई पुलिस ने शनिवार को एक्टर का ब्लड सैंपल लिया है। साथ ही पुलिस ने वे कपड़े भी जब्त कर लिए हैं, जो सैफ ने हमले के समय पहने थे। इससे पहले जांच अधिकारियों ने आरोपी शरीफुल के भी कपड़े बरामद कर लिए हैं। अब फॉरेंसिक टीम आरोपी के कपड़े और सैफ के कपड़ों में मिले ब्लड सैंपल को मैच करेगी। एक्टर सैफ अली खान को पांच जगहों पर चाकू घोंपा गया था। उनको पीठ, कलाई, गर्दन, कंधे और कोहनी पर चोटें लगी थीं।

## मर्डर कर सिरमौर में छिपाया धड़, सोलन में सिर

### शिकार करते लगी थी गोली; साथियों ने साक्ष्य मिटाने के लिए रचा खेल, दोनों आरोपियों ने कबूला जुर्म

**आर मोहन चौहान, सोलन**

**सोलन** जिले के सुमति जंगल में शिकार के लिए गए 38 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि गोली गलती से लगी। आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद घबरा गए और उन्होंने मृतक व्यक्ति का पहले सिर दराट से काटकर धड़ से अलग कर दिया और इसके बाद साक्ष्य मिटाने के लिए शव को जलाने की कोशिश की।

अधजले धड़ को सिरमौर के एक गांव की गुफा में छिपा दिया, जबकि सिर सोलन के सुल्तानपुर में फेंक दिया। मामला आठ दिन पुराना है, लेकिन खुलासा शनिवार को हुआ। पुलिस ने सिर और धड़ दोनों ही बरामद कर लिए हैं। सोलन के सपरून निवासी यशपाल ने थाना सदर सोलन में 23 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 18 जनवरी को उसका साला सोमदत उर्फ सोनू (38) निवासी पलहेच, जिला सिरमौर उनके घर आया था। सोमदत 21 जनवरी को घर के साथ लगते जंगल की तरफ यह कहकर गया था कि वह लकड़ियां लाने जा रहा है, लेकिन वापस नहीं लौटा। शाम को सोनू ने उनकी बेटी को फोन करके बताया कि वह थोड़ी देर में आ जाएगा। फोन स्विच ऑफ था। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि भुट्टो राम व सुल्तानपुर निवासी संदीप उर्फ अजय को शिकार करने के लिए जंगल की तरफ जाते हुए देखा था। सोनू भी अपने जीजा के पड़ोसी के घर से बंदूक लेकर जंगल की तरफ गया था। जांच में पाया कि भुट्टो राम और संदीप गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी कर जंगल में शिकार खेलने गए थे। आरोपियों की शिनाख्त कर ली गई है और उन्होंने जुर्म कबूल कर लिया है। फॉरेंसिक टीम जुन्गा के साथ निरीक्षण किया जा रहा है। आरोपी संदीप ने मृतक की बंदूक को अपने घर के पास ही छुपा दिया था, जिसे बरामद कर लिया है। (अनंत ज्ञान)



पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार दोनों आरोपी।

**परीक्षण** सेना की ताकत में इजाफा; दिन हो या रात, एक साथ चार लक्ष्यों को भेदने की क्षमता

## आकाश मिसाइल करेगी दुश्मनों का खात्मा

**एजेंसी, भुवनेश्वर**

**ओडिशा** के गोपालपुर सीवर्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना के चेतक कोर के वायु रक्षा योद्धाओं ने दिन और रात के समय लक्ष्य बनाकर कम ऊंचाई और अधिकतम सीमा पर सटीकता के साथ आकाश मिसाइल से फायरिंग की।

यह परीक्षण सफल रहा। दक्षिण पश्चिमी सेना कमान ने कहा कि सटीक फायरिंग भारतीय सेना की सेना वायु रक्षा कोर की परिचालन तत्परता और अत्याधुनिक क्षमताओं का उदाहरण है। आकाश मिसाइल एक साथ चार निशानों को तबाह करने की ताकत रखती है। मिसाइल प्रणाली को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की ओर से विकसित किया है।



### मिसाइल की मारक दूरी 25 से 30 किलोमीटर तक

**आकाश** मिसाइल की मारक दूरी लगभग 25-30 किमी तक है। यह 18000 मीटर (लगभग 60000 फुट) तक की ऊंचाई पर लक्ष्य लड़ाकू विमानों, हेलिकॉप्टरों, ड्रोन और क्रूज मिसाइलों को नष्ट कर सकती है।

### ट्रक-माउंटेड सिस्टम के रूप में डिजाइन किया

मिसाइल को ट्रक-माउंटेड सिस्टम के रूप में डिजाइन किया है, जिससे इसे आसानी से एक जगह से दूसरी जगह पर ले जाया जा सकता है।

### रडार के जरिए होती है नियंत्रित

**यह** मिसाइल रडार के जरिए नियंत्रित होती है और यह मल्टी-टारगेट क्षमता रखती है। इसमें राजेंद्र रडार का इस्तेमाल होता है, जो एक स्वदेशी 3डी फेज्ड ऐरे रडार है। यह 64 लक्ष्यों को ट्रैक कर सकता है और एक समय में 12 को निशाना बना सकता है।

## भारत और इंडोनेशिया करेंगे रक्षा विनिर्माण और व्यापार संबंध मजबूत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ व्यापक वार्ता की। बातचीत में दोनों देशों ने समग्र द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देने, खासकर रक्षा विनिर्माण और आपूर्ति शृंखला के क्षेत्रों में संयुक्त रूप से काम करने पर सहमति जताई।

**दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में हुआ समझौता**

भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए सुबियांतो रविवार को कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। वहीं, पीएम मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की मौजूदगी में दिल्ली के हैदराबाद हाउस में भारत और इंडोनेशिया के बीच समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ। मोदी ने कहा कि इंडोनेशिया को 10 देशों के आसियान समूह के साथ-साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत का महत्वपूर्ण साझेदार बताया और कहा कि दोनों देश इस क्षेत्र में नियम-आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच मोदी ने कहा कि हम इस बात पर सहमत हैं कि नौवहन की स्वतंत्रता अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप सुनिश्चित की जानी चाहिए।



## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- शिलान्यास के 5 साल के बाद भी नहीं बना 'बहुउद्देश्यीय शॉपिंग कांप्लेक्स' -पेज 2
- चढ़ियार बनी तहसील, लोनिवि का उपमंडल भी खुलेगा -पेज 5
- भाजपा सरकार में इंजेक्शन के अभाव में किसी की जान नहीं गई: जयराम -पेज 7
- मनाली में घर में लगी आग, जिंदा जला व्यक्ति -पेज 9
- अर्शदीप 'आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर' बने -पेज 14

## न्यूज ब्रीफ

### बैलग में गोशाला राख, 40 हजार का नुकसान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत शनिवार को पलपल पंचायत के बैलग गांव में दोपहर को एक दोमंजिला गोशाला जलकर राख हो गई। बताते चलें कि अग्निकांड से परिवार का लगभग 40,000 रुपए का नुकसान हुआ है। पलपल पंचायत के प्रधान जोगिंद्र राणा ने बताया कि दोपहर के समय गोशाला में आग लग गई। गनीमत यह रही कि सभी पशु भी बाहर बंधे हुए थे। आग से घास के लगभग 90 गट्ठे जलकर राख हो गए। घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंच गई थी, लेकिन घास को जलने से नहीं बचा सके। प्रधान जोगिंद्र राणा ने बताया कि लगभग 40 हजार रुपए का नुकसान हुआ है व पंचायत ने मौका देखकर परिवार को शीघ्र मुआवजा देने की बात कही है। पटवारी हलका पलपल विनोद कुमार ने मौका देखकर नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट आगे भेज दी है।

### कांग्रेस ने संविधान का गला घोंटा : राकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर ने जिला स्तरीय संविधान गौरव दिवस के रूप में मनाया। यह संविधान गौरव दिवस जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में मनाया गया और मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व में रहे गगरेट विधानसभा के विधायक राजेश ठाकुर उपस्थित रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा वोट बैंक, तुष्टिकरण और सत्ता स्वार्थ में कांग्रेस ने न केवल संविधान और लोकतंत्र का गला घोंटा बल्कि देश को बदनाम किया। इस दौरान बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, पूर्व जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, उर्मिल ठाकुर, प्रदेश भाजपा के सचिव नरेंद्र अत्री, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, कौशल विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष नवीन शर्मा, अजय रिंटू, उषा बिरला, राजकुमारी ठाकुर, अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बड़सर में बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर कांग्रेस के युवा नेता रूबल ठाकुर ने लिटिल एंजल्स पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। रूबल ने कहा इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होना बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि आज की युवा पीड़ी फोन और नशे की लत में पड़ रही है, जिसे खेल के मैदान में लाना पड़ेगा।रूबल ने आयोजकों को 5000 रुपए भी इस कार्यक्रम के लिए दिए।

# लेटलतीफी : शिलान्यास के 5 साल के बाद भी नहीं बना 'बहुउद्देश्यीय शॉपिंग कांप्लेक्स'

**विक्रम ढटवालिया, मट्टनसिद्ध**

यहां बाईपास रोड के पास जिस 'बहुउद्देश्यीय शॉपिंग कांप्लेक्स' का तकरीबन 5 साल पहले शिलान्यास किया गया था, उसका निर्माण इतने लंबे समय के बाद भी शुरू नहीं हो पाया। ऐसा नहीं था कि इसके लिए पैसे की कोई कमी थी, लेकिन जिस तकरीबन छह कनाल भूमि पर इसका निर्माण किया जाना था, उस पर निर्माण के लिए किसी ने दिलचस्पी ही नहीं दिखाई। इस वजह से जिला परिषद के सौजन्य से तैयार होने वाले इस 'इनकम जनरेटर' परिसर का शिलान्यास पत्थर आज भी सड़क किनारे व्यवस्था की पोल खोल रहा है।

पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष राकेश ठाकुर कहते हैं सभी कुछ मुकम्मल करके पैसा डिपॉजिट किया गया था, बाद में चुनाव हो गए। नई परिषद का गठन हो गया, मगर अभी तक यह प्रक्रिया शिलान्यास के आगे क्यों नहीं बढ़ी? यह चिंता का विषय है। यह निर्माण तत्काल शुरू होना चाहिए।


शिलान्यस पट्टिका के साथ पांच कनाल भूमि।

#### मार्च तक हर हाल में शुरू करवाएंगे काम : बबली

**जिप** अध्यक्ष बबली देवी का कहना है कि विलंब बहुत हो गया है, मगर अब सारी प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मार्च के आसपास तक हर हाल में काम शुरू करवाएंगे।

#### ड्राइंग तैयार हो रही, टीसीपी से मिलनी है स्वीकृति : एसडीओ

**जिप** के एसडीओ सोमेश शर्मा का कहना है कि ड्राइंग तैयार करके टीसीपी को भेजी गई है। टेंडर प्रक्रिया शुरू हो रही है। तकरीबन 5 कनाल जमीन पर यह निर्माण होगा और इससे पहले यहां जो अवैध कब्जे थे, उन्हें छुड़वाया गया है।

**क्या-क्या बनना था :** इस परिसर में सबसे नीचे पार्किंग बीच में शॉपिंग कांप्लेक्स और उसके ऊपर आवासीय निर्माण होना था। इससे जिला परिषद के लिए इनकम जनरेट होनी थी, क्योंकि हमीरपुर जिला परिषद के पास अभी तक दो-तीन दुकानों के अलावा इनकम जनरेट करने के लिए कुछ भी नहीं है। कुल्लू और कांगड़ा की जिला परिषदों के पास ऐसी बहुत अच्छी व्यवस्था है, उसी तर्ज पर यहां भी इस बेकार पड़ी जगह का इस्तेमाल किया जाना था। (अनंत ज्ञान)

#### कब हुआ शिलान्यास

23 अक्तूबर 2020 को इस परिसर का शिलान्यास तत्कालीन केंद्रीय मंत्री और वर्तमान सांसद अनुराग ठाकुर ने हिमाचल के तत्कालीन मंत्री वीरेंद्र कंवर और जिला परिषद के उस वक्त के अध्यक्ष राकेश ठाकुर की मौजूदगी में किया था। इसके लिए 1.25 करोड़ की राशि भी डिपॉजिट वर्क के जरिए दे दी गई थी, लेकिन उसके बाद नई जिला परिषद का गठन हो गया, जिसका कार्यकाल भी इसी साल खत्म हो जाएगा, मगर विडंबना यह रही कि आज तक किसी ने दिलचस्पी क्यों नहीं दिखाई। उस राशि से 5 साल पहले जो निर्माण होना था, आज उससे कहीं ज्यादा पैसे में अब निर्माण होगा, वह भी तब जब शुरू होगा।

## मतदाता को हर चुनाव में करना चाहिए मताधिकार का प्रयोग : राहुल चौहान



कार्यक्रम में नए मतदाताओं को पहचान पत्र प्रदान किए गए।

**अनंत ज्ञान टीम, हमीरपुर/ भोरंज**

भारत निर्वाचन आयोग का स्थापना दिवस शनिवार को हमीरपुर में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया गया।

शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा स्मारक ब्वॉयज सीनियर सकेंडरी स्कूल हमीरपुर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में एडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान ने जिला वासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हर नागरिक को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाना चाहिए तथा हर निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा कार्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यालय के सभी कर्मचारी वर्ग को शपथ दिलाकर मतदान के महत्व का संदेश दिया।

वहीं, राजकीय महाविद्यालय भोरंज में उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम एवं भोरंज विधानसभा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शशि पाल शर्मा ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई।

# गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल में 18 टुकड़ियों ने लिया भाग

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के तहत हमीरपुर के अणू के सिंथेटिक ट्रैक पर शनिवार को भव्य परेड रिहर्सल आयोजित की गई। इस रिहर्सल में हिमाचल पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट्स और स्कूली छात्रों सहित कुल 18 टुकड़ियों ने भाग लिया। एसपी राजेश शर्मा ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर आकर्षक परेड प्रस्तुत की जाएगी। इस दौरान डीएसपी हरीश गुलेरिया और अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

**पुलिस के ट्रेंड डॉग करेंगे प्रदर्शन :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर हिमाचल पुलिस के प्रशिक्षित डॉग डॉलर और सॉफ्टी भी अपने करतब दिखाएंगे। ये दोनों कुत्ते अपराधियों को पकड़ने और ब्लाइंड मर्डर मामलों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पुलिस जवान विकास जमरा ने बताया कि रिहर्सल के दौरान डॉलर और सॉफ्टी ने भी अपने कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शक बेहद प्रभावित हुए। (अनंत ज्ञान)

#### शिक्षा मंत्री होंगे समारोह में मुख्यातिथि

गणतंत्र दिवस के दिन हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर मुख्य अतिथि होंगे और परेड की सलामी लेंगे। इस मौके पर जिला प्रशासन, पुलिस अधिकारी, गणमान्य नागरिक और स्कूली बच्चे उपस्थित रहेंगे। हमीरपुर में आयोजित यह भव्य परेड न केवल देशभक्ति की भावना को प्रकट करेगी, बल्कि सुरक्षा बलों, एनसीसी और स्कूली बच्चों के जोश और अनुशासन का भी परिचय देगी।


हमीरपुर के अणू के सिंथेटिक ट्रैक में गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल की गई।

### बड़सर में मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़सर में उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कार्यवाहक एसडीएम धर्मपाल नेगी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।







हिमाचल प्रदेश कृषि विभाग

हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण-2), हमीरपुर

जायका कृषि परियोजना
किसानों की समृद्धि को समर्पित

श्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री हि.प्र.

प्रो. चंद्र कुमार
कृषि मंत्री हि.प्र.

परियोजना एक नजर में

| | | |
|---|---|---|
| परियोजना लागत | : | रू. 1010.60 करोड़ (रू. 807.30 जापान की मदद + रू 203.30 प्रदेश सरकार) |
| परियोजना क्षेत्र | : | हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों में। |
| परियोजना अवधि | : | 9 वर्ष (2021-2029) |
| सिंचाई उप परियोजनाएं | : | 306 (296+10) उप परियोजनाएं बना कर 7993 हेक्टेयर सिंचाई सुविधा देना |
| कृषक परिवार | : | 25000 |
| उद्देश्य | : | टिकाऊ फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना, कृषि उत्पादकता में वृद्धि और कृषि आय में सुधार करना। |
| समग्र लक्ष्य | : | मुख्यमंत्री की ग्रामीण समृद्धि सोच को साकार अनाने के लिए किसानों की आय बढ़ाना, लाभप्रदता बढ़ाने और रोजगार प्रदान करने के लिए फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना और विस्तार करना। |
| परियोजना का कार्य क्षेत्र | : | सात नए जिलों में फसल विविधीकरण मॉडल स्थापित करना। चरण-1 के पांच जिलों में मॉडल का विस्तार करना। |


● परियोजना को पूरे प्रदेश में लागू करने के लिए एक राज्य प्रबन्धन इकाई, हमीरपुर 4 जिला प्रबन्धन इकाईयां, हमीरपुर मण्डी, सोलन, पालमपुर व 15 खण्ड परियोजना प्रबन्धन इकाईयां हमीरपुर बिलासपुर, ऊना, देहरा, चम्बा, जवाली, धर्मशाला, पालमपुर, सोलन, रामपुर, नाहन, मण्डी, कुल्लू, गोहर और सरकाघाट में स्थापित की गई हैं।


परियोजना का प्रगति विवरण ( 31.12.2024 तक )

● दिसंबर, 2024 तक के 288 नं. सिंचाई उप परियोजनाओं का सर्वेक्षण कार्य करके 285 विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार।
● सिंचाई उप परियोनाएं: 296 में से 288 सिंचाई उप परियोजनाओं का सर्वेक्षण कार्य पूरा, 285 विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार।
● कुल 209 उप परियोजनाओं के निर्माण कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित। 168 कार्य आबंटित किए जा चुके हैं, 155 सिंचाई उप परियोजनाओं का निर्माण करने हेतु रू. 86.67 करोड़ आवंटित एवं 56 सिंचाई योजनाओं का निर्माण कार्य पूरा।

किसान सहायता घटक:

● 283 किसान विकास समूहों का गठन, 287 किसान विकास समूहों के जागरूकता कार्यक्रम, 338
● किसान विकास समूहों को उद्देश्यों एवं मापदंडों को समझाने हेतू कार्यशालाएं
● किसान विकास समूहों को योजना की रख-रखाव पर 408 प्रशिक्षण
● 15 किसान विकास समूहों के प्रदर्शन दौरे
● किसानों को कृषि अर्थव्यवस्था प्रबन्धन हेतू 856 प्रशिक्षण
● मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जी ने 17 अगस्त 2024 को केवीके बड़ा, जिला हमीरपुर में जायका कृषि परियोजना-2 के अंतर्गत बने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में सेटर ऑफएक्सीलेंस का उदघाटन किया।
सीओई का लक्ष्य किसानों को यहाँ पर तैयार सब्जियों की पौध उपलब्ध कराना है। दिसंबर, 2024 तक इस केंद्र के 1.45 हजार (फूलगोभी, पत्तागोभी और ब्रोकली) सब्जी की पौध को किसानों तक पहुंचाई गई।









# गणतंत्र दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**आभार**

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

गणतंत्र दिवस Happy Republic Day 26 JANUARY


## B.K. Public SR. SEC. SCHOOL

JAISINGHPUR DISTT. KANGRA (H.P.)

HAPPY Republic Day

Discipline ! Struggle ! Goal !

**ADMISSION OPEN**

Affiliated to HP Board of School Education, Dharamshala

**Nursery to 10+2 (Science & Commerce)**

**Salient Features**

- NEP-2020 Based Curriculum.
- Highly Qualified & Experienced Faculty.
- Affordable Fee Structure.
- Special Focus on Slow Learners.
- Proper Care For Play Way Kids by trained Teacher with Attendant (Nanny).
- Excellent board Results.
- Short Span or time for Nursery Kids.
- Safe & Secure Environment for all the Bus Commuters.
- Special Discount for Weaker Sections (IRDP & BPL).
- Special Assistance fo JNVST (Navodaya) & Sainik School Entrance Examination
- Sports Participation in different Games up to National Level.
- Focus on both Scholastic as well co-Scholastic Development of the Child.

B.S. GULERIA (Chairman) Contact: 9816166820

30 Years of Legacy in Value Based Education.

VIJAY GULERIA (M.D.) Contact: 8574700009



HAPPY Republic Day



**घनश्याम शर्मा**

उपाध्यक्ष भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ



## हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड शाहपुर

की तरफ से

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**



ई. अमित शर्मा
अधिशाषी अभियंता
हि.प्र.रा.वि.बो.लि., शाहपुर



ई. विक्रम शर्मा
सहायक अभियंता
हि.प्र.रा.वि.बो.लि., शाहपुर



## लोक निर्माण विभाग मंडल धर्मशाला

की तरफ से

गणतंत्र दिवस 26TH JANUARY

की हार्दिक शुभकामनाएं



अंकज सूद
अधिशाषी अभियंता



धर्मेंद्र सिंह
सहायक अभियंता



गणतंत्र दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## SUNNY GRAMIN UDYOG

Mfrs. of: Atta, Maida, Suzi, Choker & Baisen etc.

Vill. Dhan, P.O. Matlahar, Tehsil Jawali, Distt. Kangra (H.P.)

**Contact: 97362-50769, 98051-13661**



Prop. Kishori Lal



Gaurav



Sourav



Prisha



## Holyfaith Sr. Sec. School Pathiar

**ADMISSION OPEN 2025-26**

HAPPY Republic Day

**For Class Pre Nursery**

We Offer

- Talkio Program in association with YOLO
- Coading classes in association with YOLO
- Three different school apps for parents convenience

HPBOSE 10th RESULT MARCH 2024

Congratulations to all the students, parents, teachers and well wishes for 100%result



684/700 670/700 669/700 667/700

All students secure more than 85%marks

660/700 632/700 628/700 618/700



Deepak Sood
Principal



Sashi Sood
Vice Principal

Contact us in school office from 9am to 3pm or telephonically on nos 9805511280, 9816065788, 9805511279



## हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग मंडल शाहपुर

की तरफ से

गणतंत्र दिवस 26TH JANUARY

की हार्दिक शुभकामनाएं



ई. अमित डोगरा
अधिशाषी अभियंता
जल शक्ति विभाग शाहपुर

पानी अमूल्य है
इसका उतना ही उपयोग करें जितनी आवश्यकता हो।



ई. मोहमद रजाक़
सहायक अभियंता
जल शक्ति विभाग शाहपुर



गणतंत्र दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

MOTHERKRAFT HOSPITAL
Crafting Women's Health At Every Step

## MOTHERKRAFT HOSPITAL

*Crafting Women's Health at Every Step*

**Complete Women's Healthcare Destination**

गणतंत्र दिवस 26TH JANUARY

- Obstetrics
- Gynecology
- Pathology
- Ultrasound
- Pediatrics
- Neonatology
- Laproscopy
- Infertility



Dr. Vani Sharma
MBBS, DGO
Laproscopic Surgeon
& Infertility Specialist



Dr. Deepa Arora, MBBS, DCH
Pediatrician & Neonatologist
Expertise In Newborn Care



Dr. Gitanjali Jamwal
MBBS,MD
( Consultant OBGY)



Dr. Chittra MBBS,MD
(Anaesthetist Critical
Care Consultant)



Dr. Utamjot Kaur
MBBS,MD
(Consultant Pathology)

Motherkraft, Matour Palampur Road Near Utsav Palace, Ghurkari, Kangra

**CALL US:- 01892-299088, 80914-11099, 80914-11088**

# गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**आभार** } हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार।

गणतंत्र दिवस
26TH JANUARY


सभी देश व प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं

POORAV SAINIK PUBLIC SCHOOL
SADDUN
NURSERY TO 8TH CLASS





MANAGING DIRECTOR
PAWAN DOGRA (Army Retd.)
(MA English,MA History,B.Ed.,JBT)
Teaching Experience :
Army Convent School Potha, Surankote (J&K)-3 Years
Govt. High School Tamei,Manipur- 2 Years
Mob. 78762-96100

Royal PRODUCT
रॉयल है तो लैदर है



Vijay Bokolia
M.D.
HAPPY Republic Day
गणतंत्र दिवस
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Royal Shoes Co.®
100% Leather Manufacturer
Mohtli Ramp, G.T. Road, Damtal (H.P.)
Contact: 9816135899, 01893-245702
Email: vijaybokolia1986@gmail.com

सेना से सेवानिवृत्त शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य
श्री रमेश चंद चौधरी
होला की ओर से सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



संजय चौधरी (डायरेक्टर)
यूथ फिटनेस अकेडमी होला
की ओर से समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
यूथ फिटनेस अकेडमी में तीनों सेनाओं व पुलिस में भर्ती होने के लिए बच्चों को शारीरिक फिटनेस का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है।



इस अकेडमी ने बहुत से बच्चों को नौकरियां दिलवाई है।



पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डरोह के प्रधानाचार्य
श्री रजनीश कुमार अत्री
एस एम सी प्रधान व स्कूल स्टाफ
की ओर से सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



श्रीमती संतोष कुमारी
जिला परिषद सदस्य नौरा वार्ड नंबर 28
की ओर से सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला
की कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती काजल
एस एम सी प्रधान श्री रणजीत सिंह
व स्कूल स्टाफ की ओर से सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।





गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. अशोक कुमार सोमल
रिटायर्ड डीएफओ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Skill India
MAA CHAMUNDA
(Pvt.) ITI DADH
Industrial Training Institute
डाढ़, तह० पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि०प्र०)
Approved by DGET under NCVT
Affiliated From Directorate of Technical Education Sundernagar (H.P.)
Affiliation No. : (DGT-12/1/2016TC) DGT-6/8/9/2016-T.C. W.E.F. August-2016
INSTITUTE CODE (ALLOTED BY BOARD OFFICE) 310 INSTITUTE CODE (ALLOTTED DGE&T) PR02000245
100% job placement
ADMISSION OPEN
Limited Seats
THIS SESSION

| Sr. No. | Name of Course | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1 | ELECTRICIAN | 2 Years | 10th Pass |
| 2 | FITTER | 2 Years | 10th Pass |

नोट
- सभी कोर्सों में सीटों की संख्या सीमित है इसलिए जल्दी से जल्दी अपनी सीट बुक करवायें।
- सभी कोर्स NCVT भारत सरकार द्वारा हिमाचल सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हैं।
- माँ चामुण्डा I.T.I. में सभी कोर्सों के लिए अत्याधुनिक मशीनरी से सुसज्जित लैब की व्यवस्था की गई है।
- कम फीस में Admission शुरू

Contact no.: 75597-56682, 98058-28285, 98164-75910

शहीद लक्खा सिंह
राजकीय उच्च विद्यालय बलाहरा
के मुख्याध्यापक एवं स्टाफ की ओर से बच्चों के अभिभावकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नए सत्र 2025-26 के लिए स्कूल में दाखिले शुरू
(1) उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रणाली व अनुभवी स्टाफ
(2) बच्चों के लिए खुला एवं साफ सुथरा पढ़ाई का वातावरण
(3) स्कूल की अपनी लाइब्रेरी एवं कंप्यूटर शिक्षा उपलब्ध
(4) खेलों के लिए खुला मैदान एवं शारीरिक शिक्षक उपलब्ध
(5) हिंदी एवं अंग्रेजी मीडियम उपलब्ध।



चामुंडा स्टोन क्रशर
की तरफ से समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रोप. (मिट्ठू)
कुलप्रीत सिंह



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मै. जम्वाल
फिलिंग स्टेशन, ज्वाली
मै. शिव शक्ति
स्टोन क्रशर, त्रिलोकपुर
अभिजीत जम्वाल भाजपा नेता

HAPPY Republic Day



VISHAL ACHARYA
Govt. Contractor
V.P.O. SAGOOR, TEH. BAIJNATH, DISTT. KANGRA (H.P.)

# चढ़ियार बनी तहसील, लोनिवि का उपमंडल भी खुलेगा

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने बैजनाथ में 55वें पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह में की घोषणा

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को बैजनाथ में आयोजित 55वें पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के दौरान हिमाचल प्रदेश के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राज्यत्व दिवस के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और हिमाचल प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ. वाईएस परमार के अपार योगदान को याद किया।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और पुलिस, होमगार्ड, आईआरबी बस्सी, आईआरबी सकोह, एसएसबी सपरी, जिला पुलिस कांगड़ा, यातायात पुलिस, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट्स एंड गाइड्स और पुलिस बैंड की टुकड़ियों की सलामी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने चढ़ियार उपतहसील को तहसील बनाने, चढ़ियार में लोक निर्माण विभाग का नया उपमंडल खोलने व डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार पारंपरिक मार्गों में विकासात्मक परिवर्तनों से उत्पन्न होने वाली समस्याओं का समाधान करेगी, पर्यावरण अनुकूल भेड़ और बकरी पालन को बढ़ावा देगी और ऊन संघ और ऊन बोर्ड को मजबूत करेगी। डेयरी, प्राकृतिक खेती, कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों को मजबूत करके हम ग्राम स्तर तक रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं। उन्होंने चरवाहों के लिए चरागाह भूमि के विकास और वन अधिकार अधिनियम के तहत उनके अधिकारों के

### कहा, सरकार डेयरी प्राकृतिक खेती, कृषि बागवानी और मत्स्य पालन को दे रही बढ़ावा

संरक्षण की घोषणा की। सीएम सुक्खू ने कहा कि कर्मचारियों और पेंशनरों को 11 प्रतिशत वृद्धि के साथ महंगाई भत्ते की तीन किस्तों का भुगतान किया गया है। इसके अलावा, राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को पर्यटन स्थल के रूप में भी बड़े पैमाने पर विकसित कर रही है। गोबिंद सागर झील में जल क्रीड़ाएं शुरू की गई हैं तथा कांगड़ा को प्रदेश की पर्यटन राजधानी घोषित किया गया है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए देहरा के बनखंडी में 600 करोड़ की लागत से अंतरराष्ट्रीय स्तर का जूलोजिकल पार्क बनाया जा रहा है। कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तारीकरण कार्य प्रगति पर है, जिसके लिए 3500 करोड़ आवंटित किए गए हैं तथा अधिग्रहण के लिए भूमि मालिकों को 355 करोड़ रुपए वितरित किए जा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### ये ऐलान भी किए

**सीएम** ने विस्तृत योजना के साथ तत्तापानी के गर्म पानी के झरनों तथा खीर गंगा घाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की भी घोषणा की। इसके अतिरिक्त पपरोला-बैजनाथ बाईपास मार्ग पर संसाली-भटवाली में बिनवा नदी पर पुल का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी स्टेडियम बैजनाथ के सौंदर्यीकरण के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन तथा संसाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की घोषणा की। उन्होंने बैजनाथ ग्राम पंचायत के महलपत गांव में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने तथा बैजनाथ राजकीय महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान तथा समाजशास्त्र में एम.ए. पाठ्यक्रम शुरू करने की भी घोषणा की। पुलिस चैकी मुलथान की आठ पंचायतें, जिनमें बड़ाग्रां, कोठीकोहर, धरान, मुलथान, लुवाई, पोलिंग, स्वार्ड और बड़ा भंगाल शामिल हैं, अब पुलिस स्टेशन बाड़ी के अधिकार क्षेत्र में आएंगी, जिससे 35 गांवों के 7500 लोग लाभान्वित होंगे।

## बैजनाथ में किए 70.26 करोड़ के प्रोजेक्ट्स के शिलान्यास-उद्घाटन



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** मुख्यमंत्री ने कांगड़ा जिला के अपने शीतकालीन प्रवास के अंतिम दिन तथा पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के बाद बैजनाथ के लिए 70.26 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन किए। उन्होंने बैजनाथ-पपरोला के लिए 44 करोड़ रुपए की पेयजल परियोजना का शिलान्यास किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बीड़ में 9.23 करोड़ रुपए की लागत से 33/11 केवी विद्युत सब-स्टेशन तथा कुमारदा से माधोनगर नैन भनखेड़ तक 2.91 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण परियोजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बीड़ में विश्व प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग स्थल पर नौ करोड़ रुपए की लागत से पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया तथा क्योरी (बीड़) के निकट दो पार्किंग सुविधाएं तथा 5.12 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पैराग्लाइडिंग लैंडिंग स्थल को जनता को समर्पित किया। बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने इन परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजनाएं बिना किसी पूर्व अनुरोध के बनाई गई हैं, जो क्षेत्र के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि बैजनाथ में पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह का आयोजन करना उनके निर्वाचन क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम से मिले पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर्स

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शिक्षा विभाग में कार्यरत पार्ट टाइम मल्टी टास्क कर्मियों के लिए 2024-2025 के बजट में लाने हेतु जिला अध्यक्ष विपन ठाकुर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल गत दिवस मुख्यमंत्री से मिला और इस बारे एक प्रार्थना पत्र उन्हे सौंपा। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग में 2021-2022 से 8 हजार के करीब पार्ट टाइम मल्टी टास्क कर्मी स्कूलों में सेवाएं दे रहे हैं। इनमें अधिकतर विकलांग, विधवा, अनाथ एवं गरीब परिवारो सें संबंध रखते हैं। हमारी नियुक्ति पार्ट टाइम के तौर पर की गई है, लेकिन हम दैनिकभोगी कर्मचारी के बराबर कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि आज के समय में 5625 रुपए प्रतिमाह में गुजारा करना बहुत मुश्किल है। कई बार तो वेतन की समय पर अदायगी नहीं की जाती। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि सरकार उनके लिए जल्द स्थायी नीति बनाए, ताकि हम गरीब परिवारों के लोग अपने परिवार गुजर-बसर सही तरीके से कर सकें।

### मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए ग्यारह हजार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सक संघ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि सरकार द्वारा इस पद्धति को मान्यता प्रदान की जाए। प्रदेशाध्यक्ष डॉ.उत्तम चंद कौंडल ने यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि मुख्यमंत्री ने उनकी मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया और कहा कि जल्द ही इस मुद्दे पर सरकार निर्णय करेगी। प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में इस दौरान मुख्यमंत्री राहत कोष में ग्यारह हजार रुपए का चेक भी सौंपा गया। इस अवसर पर राज्य संयोजक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर, संगठन सचिव डॉ. रवि सरोत्री, डॉ. राकेश कुमार और डॉ. अश्विनी कुमार मौजूद रहे। डॉ. उत्तम चंद कौंडल ने स्थानीय कांग्रेस नेता देवेंद्र सिंह जग्गी तथा ब्लॉक उपाध्यक्ष हरीश ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

### गाड़ी से 2 किलो 570 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** पुलिस थाना डलहौजी के दल द्वारा थाना प्रभारी जगवीर सिंह की अगुवाई में नाकाबंदी के दौरान चंबा से बनीखेत की तरफ आ रही एक सफेद रंग की मारुति अल्टो कार एचपी 44 5331 को रोका तो युवक गाड़ी से बाहर उतरा और सड़क के किनारे खड़ा हो गया, जबकि पुलिस जवान अपने काम में डटे हुए थे जैसे ही कर सवार पर ध्यान गया वह सड़क से नीचे उतरता हुआ भागने लगा। पुलिस जवानों ने भी तुरंत उसका पीछा किया किंतु देखते ही देखते घने जंगल में कार सवार गायब हो गया। इसी बीच जब कर की तलाशी ली गई तो कर में से कुल 2 किलो 570 ग्राम चरस बरामद की गई। गाड़ी में कागज पत्रों के अनुसार गाड़ी राकेश कुमार पुत्र प्यार सिंह निवासी गांव में डाकघर कलहेल तहसील चूराह जिला चंबा के रूप में हुई है। वहीं, डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने राकेश कुमार के खिलाफ पुलिस थाना डलहौजी में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है तथा फरार आरोपी युवक की तलाश जारी है।

### पैरा कर्मचारियों ने मांगी स्थायी पॉलिसी

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** जल शक्ति पैरा संघ ने नूरपुर में संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेश शर्मा की अध्यक्षता में की प्रेस वार्ता की गई। महेश शर्मा ने बताया कि 2017 से भर्ती हुए जल शक्ति विभाग में पैरा कर्मचारियों की अब तक कोई भी सुनवाई नहीं हुई है। इनके लिए न तो स्थायी पॉलिसी बनाई गई, न ही उचित वेतन का प्रावधान किया गया। वर्ष 2017 मे पैरा पंप ऑपरेटर व पैरा फिटर भर्ती हुए व 2019 में स्वक्र्ङ्क भर्ती हुए परंतु इन्हें बिना किसी पॉलिसी के भर्ती किया गया व सरकार 8 साल की भर्ती का दावा भी विचारधीन करती है, जिसमें भी 10 व 15 प्रतिशित कोटे के साथ नियमतीकरण होगा। उन्होंने कहा कि मात्र 5000-6300 के वेतन में पैरा कर्मचारी किस तरह घर चलाएं। कई जिलों में तो वेतन भी 2-3 महीनों से नहीं दिया गया है। शर्मा ने सरकार से आग्रह किया है कि आने वाले बजट सत्र में उनके लिए स्थायी पॉलिसी का निर्माण करें।

### पावर प्रोजेक्ट के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर के लूनापुल में स्थित चिरचिंड हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के खिलाफ ग्राम पंचायत दुर्गेठी के युवक मंडल ने परियोजना साइट पर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। इस दौरान युवक मंडल ने प्रबंधन पर स्थानीय लोगों को दरकिनार करने का आरोप लगाया है। युवक मंडल प्रधान कमलेश कुमार की अगुवाई में युवक मंडल का प्रतिनिधिमंडल दाई देवी से लेकर चिरचिंड हाइड्रो प्रोजेक्ट के पावर हाउस तक नारेबाजी करता हुआ आया। इस दौरान युवक मंडल के सदस्यों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उन पर अपने चहेतों व रिश्तेदारों को इस विद्युत परियोजना में नौकरी देने का आरोप लगाया। इस दौरान युवक मंडल के सदस्य इस बात पर अड़े रहे कि कंपनी प्रबंधन की ओर से कोई न कोई प्रतिनिधि उनसे जाकर बात करेगा, लेकिन इस दौरान कंपनी प्रबंधन ने युवक मंडल के सदस्यों से किसी भी तरह की कोई भी वार्तालाप नहीं की।

### भागत बादोत्रा पांगी कल्याण संघ के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पांगी कल्याण संघ ने हाल ही में अपने अध्यक्ष का चयन किया है और इस बार फिर से भागत बादोत्रा को इस पद के लिए चुना गया है। यह उनके लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है। भागत बादोत्रा ने पांगी कल्याण संघ के साथ अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। उन्होंने संघ के सदस्यों के बीच एकता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए काम किया है और संघ के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए कई परियोजनाओं को शुरू किया है।उनकी लगन और समर्पण के कारण संघ के सदस्यों ने उन्हें लगातार चौथी बार अध्यक्ष चुना है।

### गढ़ जमूला स्कूल में मनाया पूर्ण राज्यत्व दिवस

**अनंत ज्ञान, डरोह।** शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़जमूला में पूर्ण राज्यत्व दिवस, मतदाता दिवस, एचआईवी एड्स जागरूकता दिवस और सड़क सुरक्षा का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यवाहक प्रधानाचार्या काजल ने विद्यार्थियों को राज्य के 55वें पूर्ण राज्यत्व दिवस पर हिमाचल प्रदेश की उपलब्धियों के बारे में बताया गया। साथ ही मेडम रेणु चौहान द्वारा 15वें मतदाता दिवस पर विद्यार्थियों को लोकतंत्र व मतदान के महत्व की जानकारी दी गई। इस बीच रमन कश्यप प्रवक्ता जीव विज्ञान ने बच्चों को एचआईवी एड्स के विषय में जानकारी दी व भविष्य में इससे बचाव के बारे में बताया गया। इसके साथ साथ सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी उपलब्ध करवाई गई। यातायात नियमों का पालन किस तरह किया जाए उसके बारे में बताया गया।

### कैबिनेट बैठक में चंबा की अनदेखी दुर्भाग्यपूर्ण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश की कैबिनेट बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश के स्वास्थ्य व पर्यटन विकास से संबंधित कई अहम फैसलों पर



सरकार की मुहर लगी। आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने कैबिनेट बैठक में जिला चंबा की अनदेखी को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। मनीष ने कहा कि हाल ही में धर्मशाला में हुई कैबिनेट बैठक में स्वास्थ्य प्रणाली विकास के मद्देनजर एम्स व डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा के लिए 56 करोड़ रुपए रोबोटिक सर्जरी व उपकरणों के लिए स्वीकृत किए गए। परंतु बैठक में एक बार फिर चंबा की अनदेखी किया जाना अति दुर्भाग्यपूर्ण है।

### महिलाओं को दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा चौगान नूरपुर के बैनर तले गांव बागनी में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन शाखा प्रबंधक राकेश ठाकुर की अध्यक्षता मे किया गया, जिसमें एटीएम फ्रॉड, नया खाता खोलने, कृषि कार्ड बनाने, महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूह में सस्ते दरों की अदायगी पर ऋण उपलब्ध करवा कर स्वयं रोजगार अपना कर उन्हें आत्म निर्भर बनाना, सस्ते दरों पर ऋण उपलब्ध करवाने वारे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## 'धौलाधार सुमन' पत्रिका का किया अनावरण



धर्मशाला। जिला कांगड़ा में साहित्य, कला, संस्कृति एवं विचार की पत्रिका 'धौलाधार सुमन' का अनावरण प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कर कमलों द्वारा किया गया। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि इस पत्रिका में जिला कांगड़ा के अनुभवी एवं नवोदित लेखकों-कवियों की साहित्यिक रचनाओं को प्रकाशित किया गया है। उन्होंने पत्रिका के अनावरण के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला कांगडा की विरासत, साहित्य और कला के प्रति सवेदनशील रवैया रखते हुए इसके सवर्द्धन के प्रति ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर पत्रिका के मुख्य संपादक जिलाधीश कांगडा हेमराज बैरवा, एस.पी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री, पत्रिका के उप संपादक जिला भाषा अधिकारी अमित गुलेरिया, सहायक आयुक्त सुभाष गौतम व राघव गुलेरिया उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## सीएम ने हिम परिवार पोर्टल किया लॉन्च सरकारी योजनाओं में आएगी पारदर्शिता

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

मुख्यमंत्री सुक्खू ने बैजनाथ में आयोजित राज्यस्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के दौरान हिम परिवार पोर्टल लॉन्च किया। यह पहल राज्य के सभी परिवारों को दस्तावेजों, सरकारी सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंचने के लिए एक केंद्रीकृत मंच प्रदान करेगी। इस पोर्टल का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में पारदर्शिता लाकर उन्हें आगे बढ़ाना है।

पोर्टल के माध्यम से नागरिक अपने घर बैठे 300 से अधिक सरकारी सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर हिम परिवार परियोजना को प्रदर्शित करने वाला एक वीडियो प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने हिम परिवार पुस्तिका का विमोचन किया। उन्होंने हिम परिवार कार्ड भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कांगड़ा पुलिस थाने को उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 से भी सम्मानित किया। थाने ने अपराध नियंत्रण, शिकायत निवारण, जन सहयोग, प्रशासनिक दक्षता, आधुनिक तकनीक के उपयोग और कर्मचारियों के प्रदर्शन में बेहतर प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री ने थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने पुरस्कृत किया। इसके अतिरिक्त, नूरपुर पुलिस जिला को कानून प्रवर्तन और प्रशासनिक दक्षता में उत्कृष्टता के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और यह पुरस्कार पुलिस अधीक्षक अशोक रतन ने प्राप्त किया। कुल्लू जिले ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने पुरस्कार प्राप्त किया। कांगड़ा जिले को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ, जिसे पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री ने प्राप्त किया।

जनजातीय जिलों की श्रेणी में लाहौल-स्पीति जिला पुलिस ने प्रथम पुरस्कार जीता। मुख्यमंत्री ने परेड कमांडर रवि नंदन (आईपीएस) और अन्य परेड कमांडरों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया।

## ग्रीनलैंड स्कूल सूरजपुर मोहटली में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर मोहटली में गणतंत्र दिवस और पूर्ण राज्यत्व दिवस प्रधानाचार्य अनुमीत कौर, चोयरमैन रणवीर सिंह और सेक्रेटरी कंवलजीत की अध्यक्षता में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम कक्षा नवीं के छात्र ने हिमाचल दिवस पर भाषण प्रस्तुत किया। उपरांत चारों सदनों के मध्य प्रतियोगिता करवाई गई। गांधी सदन, नेहरु सदन और तिलक सदन के छात्रों ने भक्ति गीत प्रस्तुत कर सबको आनंदित किया। पटेल सदन के छात्रों ने हिमाचली प्रसदिध नृत्य नाही प्रस्तुत किया। अंत में छात्रों ने फ्लॉवर एक्टिविटी करके सबका मन जीत लिया। राष्ट्र गान के साथ इस कार्यक्रम का समापन किया गया।

## ट्रक के नीचे आने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** औद्योगिक क्षेत्र संसारपुर टैरेस में टोल बैरियर के पास एक ट्रक के नीचे आने से व्यक्ति की मौत हो गई। इसकी सूचना लोगों द्वारा नजदीकी पुलिस चौकी में दी गई और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू कर दी । मृतक की पहचान जतिंद्र भैरवा निवासी राजस्थान के रूप में की गई है। व्यक्ति फैक्टरी में गाड़ी से माल छोड़कर घर को सुबह वापस जा रहा था तभी सुबह 6:25 पर गाड़ी से उतरकर बाहर शौचालयों के लिए उतरा और धुंध की वजह से ट्रक के नीचे आ गया। व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पुलिस चौकी संसारपुर टैरेस इंचार्ज एसआई राजेश और एएसआई सतनाम व उनकी टीम ने मौंके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

## लाखों रुपए की हेरोइन के साथ अंतरराज्यीय नशा तस्कर काबू

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

**पुलिस** जिला नूरपुर के एसपी अशोक रत्न द्वारा नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए गए अभियान में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है, जिसमें पुलिस ने लाखों रुपए के नशीले पदार्थ हेरोइन सहित एक अंतरराज्यीय नशा तस्कर को धर दबोचने में सफलता प्राप्त की है। यह सफलता पुलिस को जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगाए गए नाके के दौरान मिली।

मामले के संदर्भ में जानकारी देते हुए एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत शनिवार को नशा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाते हुए पुलिस थाना डमटाल के अधीन संगेहड़ नामक स्थान पर नाकावंदी के दौरान एक कार ( पीबी. 08 सीज 7268 ) के चालक से भारी मात्रा में संदिग्ध पदार्थ पाया गया, जिसकी जांच करने पर वह हेरोइन (चिट्टा) पाया गया, जिसकी मात्रा 108.6 आंकी गई। आरोपी की पहचान मनिंदर सिंह पुत्र रंजीत सिंह निवासी मकान नं. 09 मीठा पुर मॉडल टाउन तहसील व जिला जालंधर (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से बरामद की गई हेरोइन को जब्त कर उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार करके उसके विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21,25 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## हैप्पी बर्थडे



बाग टिक्का की मार्या गुलेरिया को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



धनोटू की अनाया को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## कांगड़ा एयरपोर्ट पर जल्द तैनात किए जाएंगे अधिक सुरक्षा जवान

**अनंत ज्ञान, गगल।** सुरक्षा प्रबंधको को लेकर कांगड़ा हवाई अड्डे के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने धर्मशाला में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह से भेंट करके बताया कि एयरपोर्ट पर बहुत समय से मांग की जा रही है कि जवानों की संख्या 77 से बढ़ाकर 98 की जाए। निदेशक ने कहा के जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि मंगलवार तक यह संख्या पूरी कर दी जाएगी। निर्देशक ने यह भी मांग की के गग्गल हवाई अड्डे पर तैनात सुरक्षा जवानों का नेतृत्व करने के लिए डीएसपी अधिकारी नियुक्त किया जाए।

## दाड़ी में भाजपा संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी मंडल धर्मशाला ने दाड़ी में संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डॉ. विशाल नैहरिया ने की। संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम में संगठनात्मक जिला कांगड़ा के जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. विशाल नैहरिया ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी व अपने मौलिक अधिकारों के बारे में बताया। वहीं, जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा ने संविधान के के बारे में विस्तृत चर्चा की।

## डीसी ने मतदाताओं से किया मतदान करने का आह्वान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में चंबा के ऐतिहासिक अखंड चंडी पैलेस के दरबार हाल में वोट जैसा कुछ नहीं-वोट जरूर डालेंगे हम थीम विषय पर आधारित जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेपसवाल ने मतदाताओं से आह्वान किया कि वे मतदान के महत्व को समझते हुए हमेशा अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने ये भी कहा कि मेरिट के आधार पर किया गया मतदान क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

## रेनबो स्कूल में 'पिनेकल ऑफ जॉय' समारोह की रही धूम



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां में 25 जनवरी 2025 को कक्षा प्री नर्सरी से लेकर तीसरी तक भव्य 'पिनेकल ऑफ जॉय' समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में 600 बच्चों ने भाग लिया। इन बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। इस भव्य समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए केंद्रीय विद्यालय होल्टा (पालमपुर) के प्रिंसिपल सुनील कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में तथा बड़सर हमीरपुर के बीएमओ डॉ. विक्रम कटोच ने गणमान्य व्यक्तियों के रूप में शिरकत की। प्रधानाचार्य डॉक्टर छवि कश्यप ने मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य व्यक्तियों को शॉल, टोपी व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की सांस्कृतिक नृत्यांगनाओं द्वारा की गई। इसके बाद प्री नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल की एडमिनिस्ट्रेटिव मैनेजर मधु चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना कीमती समय देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## प्रतियोगिता | अरनी विवि में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

# तन्वी फर्स्ट, महिमा सेकेंड और रोहित रहा थर्ड

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



अरनी विश्वविद्यालय के क्लब 'रीडर्स लाउंज' ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें विभिन्न विभागों के 100 से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया और अपनी रचनात्मकता के माध्यम से बालिकाओं के सशक्तिकरण का संदेश दिया।

इस अवसर पर चांसलर डॉ. विवेक सिंह ने अपने प्रेरणादायक विचारों से सभी को प्रोत्साहित किया और समाज में बालिकाओं के लिए सहयोगपूर्ण वातावरण बनाने का आह्वान किया एवं बालिकाओं को समान अवसर प्रदान करने और उनके विकास के महत्व पर जोर दिया। डॉ. त्रिलोचन सिंह ने शिक्षा के माध्यम से लैंगिक रूढ़ियों को तोड़ने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. सुनीता महाजन, डीन ऑफ स्टूडेंट्स ने इस सराहनीय पहल के लिए क्लब की प्रशंसा की।

बालिका के महत्व पर आधारित इस प्रतियोगिता ने छात्रों को कला के माध्यम से अपनी भावनाएं और विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया। पोस्टरों में सशक्तिकरण, शिक्षा, लैंगिक समानता और बालिकाओं की उपलब्धियों को शानदार तरीके से दर्शाया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. गुरविंदर सिंह और डॉ. नीरज भंडारी द्वारा किया गया, जिन्होंने रचनात्मकता, विषय की प्रासंगिकता और प्रस्तुति के आधार पर पोस्टरों को आंका। प्रतियोगिता में तन्वी प्रथम स्थान (बीसीए विभाग), महिमा द्वितीय स्थान ( बीए विभाग) और रोहित तृतीय स्थान (फार्मेसी विभाग) पर विजेता घोषित किए गए। कार्यक्रम के समापन पर क्लब की समन्वयक अंजना कटोच ने चांसलर, प्रो-वाइस चांसलर, डीन ऑफ स्टूडेंट्स, जज, संकाय सदस्यों और छात्र संयोजकों का धन्यवाद व्यक्त किया। यह कार्यक्रम बालिकाओं को उनके पूर्ण सामर्थ्य को पहचानने और सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास के रूप में संपन्न हुआ। (अनंत ज्ञान)

## हनुमान मंदिर फतेहपुर में शनिदेव की मूर्ति स्थापित

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल मुख्यलय फतेहपुर स्थित हनुमान मंदिर में ही एक अलग स्थान पर शनिवार को शनिदेव की मूर्ति की स्थापना की गई। मंदिर कमेटी की तरफ से विनोद लबलू ने कहा कि पूरे मंत्रोच्चारण के साथ शनिदेव की मूर्ति की स्थापना की गई। इसमें स्थानीय लोगों व युवाओं का पूरा योगदान रहा। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया।

**आभार** } हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार।



**संजय अग्रवाल**
ब्यूरो, धर्मशाला
मो. नं. 98160-64741



**भूषण शर्मा**
संवाददाता, नूरपुर
मो. नं. 98822-53372






























## न्यूज ब्रीफ

### बाबा महादेव गिरि का महाकुंभ में देहावसान



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** बरठीं के साथ लगते क्षेत्र भल्लू-मलारी शुक्र खड्ड में स्थित शुकरेश्वर महादेव में गद्दी आशीन बाबा महादेव गिरि के महाकुंभ प्रयागराज में देहावसान से समूचे क्षेत्र में शोक की लहर है। महादेव गिरि शाही स्नान के लिए प्रयागराज गए थे, वह वहीं ब्रह्मलीन होकर ज्योति जोत समा गए हैं। उनके ब्रम्हलीन होने का समाचार मिलते ही उनके असंख्य शिष्य, भक्त तथा शुक्करेश्वर महादेव मंदिर में आने वाले क्षेत्र भर के लोग शोक में व्यथित हो गए हैं। 25 जनवरी को उनके पार्थिव शरीर को शुकरेश्वर महादेव भल्लू-मलारी लाया गया। जहां उनकी पार्थिव देह को अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया है। इस मौके पर असंख्य श्रद्धालुओं ने ब्रम्हलीन बाबा महादेव गिरि को पुष्पहार अर्पित किए।

### चिकित्सकों ने बैडमिंटन में दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में शनिवार को एक दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। चिकित्सकों द्वारा मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह लगाकर सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुए अस्पताल में तैनात वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि बिलासपुर अस्पताल में पहली बार इस तरह से प्रतियोगिता की गई। इस प्रतियोगिता में सिर्फ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया। अपने संबोधन में मुख्यातिथि डॉ. एके सिंह ने कहा कि इस तरह स्पोर्ट्स गतिविधियां आयोजित होती रहनी चाहिए। बिलासपुर अस्पताल में समय समय पर इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाएंगी। इसके लिए अस्पताल में तैनात सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आदेश जारी कर दिए गए है। मुख्यातिथि डॉ. एके सिंह ने कहा कि अस्पताल में लगे बैडमिंटन कोट को और बेहतर बनाने के लिए कार्य किया जाएगा, ताकि इस मैदान को चिकित्सक खिलाड़ियों के लिए और सही किया जा सकें। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ी डॉ. सतीश शर्मा, डॉ भूपेंद्र, डॉ. कुलदीप, डॉ. जसपाल, डॉ. निशांत, डॉ. सौरव, एमओएच डॉ. परविंद्र सिंह, डॉ. दिनेश, डॉ. शिवांशु, डॉ. निशांत सहित अस्पताल स्टाफ सुरेंद्र नड्डा, सुरेश नड्डा, सुरेश टाडू, सहित श्यामलाल सहित अन्य मौजूद रहे।

### प्रगति समाज सेवा समिति ने निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्रगति समाज सेवा समिति भगेड़ द्वारा शनिवार को नशे से दूर रहने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। समिति के संस्थापक सुनील शर्मा सहित दर्जनों बच्चों ने एकत्रित होकर नशे से दूर रहने के लिए भगेड़ में स्थित गउशाला से लेकर भगेड़ चौक तक रैली निकाली। इस रैली में उन्होंने नशे से दूर रहने के लिए नारे लगाए साथ ही लोगों को जागरूक भी किया। इस अवसर पर उन्होंने भगेड़ चौक पर खैनी और गुटखों से बनाया पुतला भी फूंका। जानकारी देते हुए समिति के संस्थापक सुनील शर्मा ने बताया कि नशा आज के समाज को पूरी तरह से खत्म करने में लगा हुआ है। ऐसे में प्रत्येक परिवार को अपने बच्चों की ओर ध्यान देना जरूरी है। ऐसे में नशे के प्रति समय-समय पर जागरूक भी करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि समिति की ओर से समय-समय पर नशे से दूर रहने के लिए प्रत्येक आयोजन किए जाते है। जिनके माध्यम से नशे से दूर रहने के लिए कहा जाता है। इसी अवसर पर 25 जनवरी के दिन भी यह रैली निकाली गई, ताकि इस समय पर भी नशे से दूर रहने के लिए लोगों को बताया जा सकें।

### सड़क सुविधा के लिए ग्रामीणों ने जताया आभार

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोसरियां के गांव जैश्री देवी में ग्रामीणों द्वारा आभार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीणों द्वारा गांव के लिए सड़क निकलवाने को लेकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विवेक कुमार ने कहा कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जा रहा है। लोगों को बिजली, पानी, सड़क सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। कई गांव में लोगों को समस्या झेलनी पड़ रही है। जैश्री देवी गांव के लोग लंबे समय से परेशानी झेल रहे थे, लेकिन अब इन लोगों को भी सुविधा मिलेगी।

### 667 ग्राम चरस सहित नेपाली गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** पुलिस थाना जुब्बल के अंतर्गत नेपाली मूल के व्यक्ति राम बहादुर (45) निवासी गांव धार से 667 ग्राम चरस बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार मादक पदार्थ निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने बताया कि नेपाली व्यक्ति को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जुब्बल में मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुब्बल।** उपमंडल निर्वाचन कार्यालय जुब्बल में शनिवार को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम)-65 जुब्बल कोटखाई गुरमीत सिंह नेगी ने उपस्थित सभी कर्मचारियों व बूथ लेवल के अधिकारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि यह दिन लोकतंत्र के जश्न का दिन है। वर्तमान में 65-जुब्बल-कोटखाई निर्वाचन क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं की संख्या 36,905 व महिला मतदाताओं की संख्या 37,374 है। हाल ही में संपन्न हुए संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दौरान 741 नए मतदाताओं को जोड़ा गया है और स्थानांतरित व मृत 546 मतदाताओं का नाम सूची से हटाया गया। बीएलओ चंद्र मोहन (शास्त्री) को वर्ष 2024-25 के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

### नाबालिगा के साथ दुष्कर्म करने वाला काबू

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** जिला कुल्लू के आनी की नाबालिग लड़की के साथ रोहड़ू में हुए दुष्कर्म के आरोपी मनोज कुमार वासी नंदपुर को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने दुष्कर्म मामले में आरोपी युवक की मां व बहन को भी नाबालिग लड़की के साथ हुए जघन्य अपराध में शामिल होने का आरोप लगाया है। नाबालिग लड़की अब सात माह की गर्भवती है और अब वह मां-बाप के साथ आनी में रह रही है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल करवाने के बाद आरोपी युवक के खिलाफ धारा 376, 506, 34 व पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### आईटीआई कैंपस इंटरव्यू में 29 उम्मीदवार चयनित

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** देश की नामी टेक्सटाइल कंपनी ऑरो टेक्सटाइल वर्धमान लिमिटेड की बद्दी स्थित यूनिट द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नेरवा में वीरवार व शुक्रवार को लड़के और लड़कियों का कैंपस साक्षात्कार करवाया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य विजय घयाली ने बताया कि साक्षात्कार में दर्जनों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से 29 उम्मीदवारों का चयन किया गया।

### अग्निकांड पीड़ित को 10 हजार की दी आर्थिक मदद

**दक्षमी रावत, रोहड़ू।** संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू एक सामाजिक संस्था है, जिसका उद्देश्य गरीब, असहाय जरूरतमंद व बीमार लोगों की सहायता करना है। समिति ने शनिवार को खशधार पंचायत के तेलगा गांव के राजकुमार की 10 हजार रुपए देकर आर्थिक मदद की है। पीड़ित परिवार ने बताया कि 16 जनवरी की रात को उसके घर में आग लग गई थी। जिसके कारण उसका 2 मंजिला मकान जलकर राख हो गया था। समिति के सदस्यों ने घटनास्थल पर जाकर अग्निकांड पीड़ित परिवार से मिलकर उनके दुख-दर्द को सुना और उनकी मदद की। समिति विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में अब तक लगभग 50 लाख रुपए से ऊपर की धनराशि खर्च कर चुकी है। समिति के अध्यक्ष गोपाल चौहान ने बताया कि संस्था सदैव ही निस्वार्थ भाव से जरूरतमंद व असहाय लोगों की मदद करती आ रही है और सदैव करती रहेगी। इस मौके पर प्रेस सचिव रविंद्र शर्मा, करतार सिंह दुग्टा, धर्मेंद्र चौहान, राजेश चौहान, अशोक सिंघानिया, लखन पाल, राजेश व विक्की चौहान मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### सांसद खेल महाकुंभ 3.0 का चिंतपूर्णी में भव्य आयोजन

**विवेक शर्मा, अंब।** चिंतपूर्णी विधानसभा के गांव बेहड़ जसवां के मैदान में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में सांसद खेल महाकुंभ 3.0 का भव्य आयोजन किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्रीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने का मंच प्रदान करना है। सांसद खेल महाकुंभ के तहत हुए मैच में हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स जिला ऊना के महामंत्री मुख्यातिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहे। खेल मैदान पर पहुंचने पर खेल महाकुंभ की कमेटी और खिलाड़ियों ने उनका हार पहनाकर भव्य स्वागत किया। मुख्यातिथि ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अनुराग ठाकुर के प्रयासों से सांसद खेल महाकुंभ क्षेत्रीय खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का सबसे बड़ा मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और खेलों में आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा, जिससे हमारे क्षेत्र के युवा देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# घुमारवीं बनेगा स्वच्छ और साफ

## तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने 5 गार्बेज व्हीकल्स को दिखाई हरी झंडी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने शनिवार को घुमारवीं नगर परिषद को 5 गार्बेज व्हीकल्स भेंट किए। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

फाउंडेशन के राज्य प्रोजेक्ट मैनेजर रजनीश ठाकुर और जिला बिलासपुर के डेवेलपमेंट ऑफिसर पुनीत शर्मा ने इन गाड़ियों की चाबियां मंत्री राजेश धर्माणी को सौंपते हुए इन्हें नगर परिषद घुमारवीं को समर्पित किया। यह पहल घुमारवीं की सड़कों और गलियों को स्वच्छ बनाने और स्वच्छ भारत अभियान के लक्ष्यों को समर्थन देने के उद्देश्य से की गई है।

मंत्री ने आईसीआईसीआई फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे स्वच्छता अभियान में एक महत्वपूर्ण योगदान बताया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद घुमारवीं के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में अधिकतर घर तंग गलियों और सड़कों के बीच स्थित है वहां तक बड़ी गाड़ी पहुंचना कठिन है। फाउंडेशन द्वारा दी गई छोटी-छोटी गार्बेज गाड़ियां इस दिशा में बेहतर काम कर सकेगी। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल घुमारवीं की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाएगा, बल्कि स्थानीय निवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान करेगा। उन्होंने फाउंडेशन की ओर से उठाए गए अन्य सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यों की भी सराहना की। वहीं, फाउंडेशन के जिला डेवेलपमेंट ऑफिसर पुनीत शर्मा ने बताया कि इस वर्ष जिले में आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू की हैं। इनमें 30 सरकारी स्कूलों में सोलर पैनल और 30 ही सरकारी स्कूलों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना, 3 ग्राम पंचायतों में 15,000 फलदार पौधों का वितरण, 3 ग्राम पंचायतों में फॉर्म बैंक की स्थापना की गई जिसके अंतर्गत किसानों को 17 लाख रुपए के कृषि उपकरण प्रदान किए गए। तीनों पंचायतों में हल्दी की प्रोसेसिंग यूनिट और मृदा परीक्षण लैब स्थापित की है। किसानों को मशरूम बैग, हल्दी, लहसुन और अन्य सब्जियों के बीज भी उपलब्ध कराए गए हैं।

## राष्ट्रपति ने डीसी सादिक को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड से नवाजा



**शुभम राही, बिलासपुर**

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान आदर्श चुनाव प्रबंधन और नवाचारों के लिए बिलासपुर जिले को राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड-2025 प्रदान किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में यह पुरस्कार उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक को प्रदान किया। हिमाचल के बिलासपुर और लाहौल-स्पीति जिलों को देश के 788 जिलों में से चुने गए 15 विशिष्ट जिलों की सूची में शामिल किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने कहा, यह पुरस्कार न केवल मेरे लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। यह सफलता टीम बिलासपुर के अथक प्रयासों और जिले के नागरिकों के सहयोग का परिणाम है। यह उपलब्धि हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव का विषय है और बिलासपुर जिले की प्रतिबद्धता को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान देती है। (अनंत ज्ञान)

## न्यू वोटर्स को बताया मतदान का महत्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय स्थित स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में आज 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में एडीसी बिलासपुर निधि पटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और उपस्थित नागरिकों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिवस हर भारतीय नागरिक को लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी को चुनावों में सक्रिय भागीदारी निभाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में स्वीप नोडल अधिकारी हेमंत नेगी, रतन चंद निर्झर, प्रोफेसर मनोहर लाल शर्मा, टीजीटी नवदीप, लेक्चरर आईपी अश्विनी कुमार, टीजीटी रवि कुमार और सीनियर असिस्टेंट मनीष कुंडी शामिल थे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को और खास बना दिया। डीएवी स्कूल, डिग्री कॉलेज और गर्ल्स स्कूल के छात्रों ने नृत्य, नाटिका और गीतों के माध्यम से मतदान के महत्व को रेखांकित किया।

## विस अध्यक्ष को भेंट की मां की फोटो



नयना देवी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया को माता की चुनरी और फोटो भेंट करते श्री नयना देवी मंदिर न्यास के अध्यक्ष धर्मपाल और न्यासी प्रदीप शर्मा। (अनंत ज्ञान)

## भांग की खेती को सैद्धांतिक मंजूरी दुर्भाग्यपूर्ण : त्रिलोक


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विधायक त्रिलोक जम्वाल ने हिमाचल में भांग की खेती को सैद्धांतिक मंजूरी दिए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था के कारण नशा माफिया पहले ही खूब फल-फूल रहा



है। चरस व अफीम के बाद चिट्टे जैसे जानलेवा नशे का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। इसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाने के बजाए सरकार ने अब भांग की खेती को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है, इससे रही-सही कसर भी पूरी हो जाएगी। इसके पीछे औषधीय व वैज्ञानिक उद्देश्य का हवाला देने के साथ ही कांग्रेस सरकार भविष्य में आय बढ़ने की बात भी कर रही है। इससे यह साबित हो गया है कि पैसों के लिए सरकार किसी भी हद तक जा सकती है। जम्वाल ने कहा कि हिमाचल के लगभग सभी जिलों में नशे का बढ़ता प्रचलन चिंताजनक है। नशे के चंगुल में फंसकर लोग, विशेष तौर पर बच्चे व युवा अपना भविष्य तो तबाह कर ही रहे हैं, इससे आपराधिक वारदातें भी बढ़ रही हैं। नशेड़ियों द्वारा नशे की जरूरत पूरी करने के लिए चोरी करने के कई मामले सामने आ चुके हैं। कुछ दिन पहले बिलासपुर शहर में एक बंद पड़े मकान के बाथरूम से नल और रसोईघर से सिलेंडर जैसी चीजें चोरी हुई। पिछले दिन शहर में ही बैंक से पैसे निकालकर आए एक बुजुर्ग को नशेड़ियों ने दिनदहाड़े लूट लिया।

## अल्फा स्कूल बरठीं में मनाया पूर्ण राज्यत्व दिवस

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



अल्फा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरठीं में 55वां पूर्ण राज्यत्व दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पाठशाला के प्रधानाचार्य टीडी शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया व सभी अध्यापकों बच्चों व अभिभावकों को हिमाचल प्रदेश पूर्ण राज्यत्व दिवस की बधाई दी। पाठशाला के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति नृत्य, भाषण, कविता इत्यादि भी पेश किया। पाठशाला की प्रभारी अध्यापिका शशि कुमारी ने उपस्थित बच्चों अध्यापकों व अन्य को हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 25 जनवरी, 1971 को शिमला के रिज मैदान से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य के दर्जे की घोषणा की। तब से हर वर्ष 25 जनवरी को हिमाचल पूर्ण राजत्व दिवस मनाया जाता है।

## व्यास उत्सव-2025 में चेस प्रतियोगिता का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** व्यास उत्सव-2025 के तहत शतरंज प्रतियोगिता शनिवार को शुरू हो गई। जिला शतरंज एसोसिएशन द्वारा आयोजित करवाई जा रही प्रतियोगिता का शुभारंभ व्यास नगर समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं नगर परिषद के पार्षद कमलेंद्र कश्यप ने किया। इसमें 50 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कमलेंद्र कश्यप ने कहा कि शतरंज एक ऐसा खेल है, जो मानसिक विकास तथा फैसले लेने की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस मौके पर जिला शतरंज एसोसिएशन के अध्यक्ष पीसी आचार्य, महासचिव अब्दुल रफीक काजमी व चीफ ऑर्बिटर जसवीर सिंह भी मौजूद थे।

## भाजपा सरकार में इंजेक्शन के अभाव में किसी की जान नहीं गई : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से कहा है कि उनकी सरकार बने 2 साल का समय पूरा हो गया



**हमने 5 लाख रुपए तक फ्री इलाज दिया**

है और उन्होंने प्रदेश में विकास के नाम पर अब तक 30 हजार करोड़ से ज्यादा रुपए का लोन भी ले लिया है। इसलिए वह विपक्ष को कोसने का काम बंद करें और बताएं कि इन दो सालों के दरमियान उन्होंने क्या-क्या काम किए हैं? साथ ही मुख्यमंत्री यह भी प्रदेश के लोगों से स्पष्ट कर दें कि 2017 में उनके अध्यक्ष रहते जब कांग्रेस पार्टी सत्ता से बेदखल हुई थी तो उनकी पार्टी की सरकार ने हमें विरासत के रूप में भी पैसे का कर्ज और देनदारी नहीं सौंपी थी साथ ही 'नो ड्यूज' वाले कागज भी दिखा दें।

जयराम ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन वाली सुक्खू के हाल आज क्या है वह किसी से छुपा नहीं है। जिस सरकार को यज्ञ प्रदेश का नुकसान करने वाली सरकार बता रहे हैं उसी सरकार ने प्रदेश के लोगों को 5 लाख रुपए तक का निशुल्क इलाज हर सरकारी प्राइवेट अस्पताल में करवाया। आज कहते हुए शर्म आ रही है कि पचास हजार के एक इंजेक्शन के लिए एक परिवार अनाथ हो गया। मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र अपनी इंटर्नशिप के स्टाइपेंड के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं और प्रदेश के डॉक्टर अपने एनपीए की मांग को लेकर काले बिल्ले पहनकर इलाज कर रहे हैं। नंबरदार से लेकर ठेकेदार तक अपने वेतन और बिलों के भुगतान की फरियाद कर रहे हैं। 2 साल में सरकार द्वारा अपने नाम से सुखाश्रय योजना शुरू की गई योजना में बाकी खर्चों से ज्यादा ब्रांडिंग पर खर्च हुआ लेकिन हकीकत यह है इस योजना के तहत पढ़ने वाले बच्चों की फीस भी सरकार समय से नहीं जमा कर रही है। इस प्रकार की नाकामी के एक नहीं लाखों उदाहरण हैं। सुख की सरकार में सरकारी अस्पताल में इलाज नहीं होगा और प्राइवेट अस्पताल में हिम केयर का पैसा नहीं मिलेगा।

### प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जब हम अपने संविधान को अपनाते हैं और अपने देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने का संकल्प लेते हैं। हम सभी इस अवसर पर अपने देश के लिए श्रद्धा और समर्पण से कार्य करें, और अपने राष्ट्र तथा राज्य के विकास और समृद्धि के लिए काम करने का संकल्प लें।

## केवाईसी न होने से कई उपभोक्ताओं के राशन कार्ड बंद

### प्रदेश में अब घर-घर जाकर राशन कार्डों की केवाईसी करेगा खाद्य आपूर्ति विभाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में राशन कार्ड की केवाईसी अब घर द्वार होगी। इससे अब लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। बता दें कि हिमाचल में डिपुओं के माध्यम से सस्ते राशन की सुविधा का लाभ उठा रहे उपभोक्ताओं के ई-केवाईसी न होने से राशन कार्ड ब्लॉक हो गए हैं। प्रदेश में लंबे समय से चल रही राशन कार्डों ई-केवाईसी की प्रक्रिया को उपभोक्ताओं ने हल्के में लिया है, जिस कारण प्रदेशभर में करीब 2.65 लाख राशनकार्डों को ब्लॉक किया गया है, जिन्हें इस महीने डिपुओं के माध्यम से सस्ते राशन की सुविधा नहीं मिल रहीं है। ऐसे परिवारों के राशन कार्डों को भी ब्लॉक किया गया है, जिनके परिवार में दिव्यांग और चलने फिरने में असमर्थ बुजुर्ग सदस्य हैं, इसके चलते भी लोगों को ई-केवाईसी करवाने में परेशानी आ रही है। प्रदेश सरकार ने बुजुर्गों और दिव्यांगों को अब बड़ी राहत दी हैं। ऐसे उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी अब घर पर ही होगी, इसका जिम्मा विभाग ने संबंधित फूड इंस्पेक्टर को सौंपा है। हिमाचल में राशन कार्डों की रोजाना समीक्षा हो रही है। ई-केवाईसी न करने पर हर रोज राशन कार्डों को अस्थाई तौर पर ब्लॉक करने की प्रक्रिया लगातार जारी है, जिसकी खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग निदेशालय फील्ड से रोजाना की रिपोर्ट ले रहा है। प्रदेश भर में अभी तक 2.65 लाख से अधिक राशन कार्ड अस्थाई तौर पर ब्लॉक हो चुके हैं। ऐसे में प्रदेश में अब होने के राशन कार्ड की संख्या अब घटकर 17 लाख के करीब रह गई है। बता दें कि प्रदेश में पिछले साल राशन कार्ड धारकों की संख्या 19.65 लाख के करीब थी। विभाग ने इन परिवारों को 31 दिसंबर तक हर हाल में ई-केवाईसी करने का आखिरी मौका दिया था, लेकिन राशन कार्ड धारकों ने इन आदेशों को भी पहले की तरह हल्के में लिया, जिस कारण विभाग को मजबूरन 1 जनवरी से ई-केवाईसी न करवाने पर राशन कार्डों को अस्थाई तौर पर ब्लॉक करने का निर्णय लेना पड़ा है।

## सवा चार सौ ग्राम चरस समेत एक दबोचा

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** चौपाल थाना की पुलिस टीम ने चरस के एक कथित आरोपी को करीब सवा चार सौ ग्राम चरस के साथ दबोचने में कामयाबी हासिल की है। एएसआई चौपाल थाना अनिल कुमार अपनी टीम के साथ चौपाल से खगना-धबास-नकौड़ा की तरफ गश्त पर थे। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि नकौड़ा के गयाउ निवासी एक व्यक्ति शाम के समय गयाउ और नाकोड़ा के आसपास चरस के अवैध कारोबार को अंजाम दे रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम जब नकौड़ा से आगे गयाउ के नजदीक घासनी में पंहुची तो हाथ में गुलाबी रंग का एक माइक्रोन थैला लिए आ रहा एक व्यक्ति पुलिस को देख थैला फेंक कर भागने लगा, लेकिन पुलिस उक्त व्यक्ति पकड़ लिया एवं थैले की जांच करने पर उससे 443.230 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## उपमुख्यमंत्री गणतंत्र दिवस पर ऊना में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 26 जनवरी को ऊना में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे। वह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र स्कूल ऊना के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।



जिला प्रशासन ने समारोह को भव्य व भावपूर्ण बनाने के लिए तमाम तैयारियां की हैं। नगर निगम बनने के बाद ऊना में राष्ट्रीय महत्व का यह पहला आयोजन है। ऐसे में ऊना शहर को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया है। मिनी सचिवालय समेत मुख्य भवनों और महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष लाइटिंग की गई है। उपमुख्यमंत्री 26 जनवरी को सुबह 10.40 बजे एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद, 10.55 बजे स्कूल प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण करेंगे। वे मार्च पास्ट की सलामी लेने के साथ जिला वासियों को संबोधित करेंगे।

## राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मतदाता जागरूकता के महत्व पर दिया बल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने अपने निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन से वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। आज प्रत्येक भारतीय को निर्वाचन आयोग पर गर्व होना चाहिए और इसके कार्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा जाता है।

राज्यपाल शनिवार को ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में आयोजित 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश निर्वाचन विभाग द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' विषय पर मतदाता जागरूकता पर जोर दिया गया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में भारत निर्वाचन आयोग की निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए प्रशंसा की। उन्होंने आयोग की पूरी टीम को लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने और विश्वस्तरीय मानकों पर खरा उतरने के लिए सहराना की। उन्होंने पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को बधाई दी। इस अवसर पर भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का वीडियो संदेश भी प्रसारित किया गया।

**एक्शन** ऊना में वन विभाग ने ठेकेदार के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

## नंगल जरियाला में 21 प्रतिबंधित पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**



हिमाचल दिवस की छुट्टी का फायदा उठाकर जिला ऊना के नंगल जरियाला के एक निजी ठेकेदार राकेश कुमार ने 21 प्रतिबंधित पेड़ों को अवैध रूप से काट डाला। यह घटना तब हुई जब प्रदेश सरकार ने बालन तक के कटान पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है।

शनिवार सुबह ग्रामीणों ने पेट्रोल से चलने वाले आरे की आवाजें सुनीं, जिससे मामले का खुलासा हुआ। किसी जागरूक नागरिक ने तुरंत शिमला में स्थित प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर फॉरेस्ट डीआर कौशल को गुप्त सूचना दी। कौशल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला वन अधिकारी (डीएफओ) ऊना सुशील राणा को निर्देश दिए। डीएफओ ने रेंज ऑफिसर भरवाई, पूर्ण चंद के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर तत्काल मौके पर भेजा। टीम को देख कटान में लगे मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई और औजारों को साथ लेकर भाग निकले, लेकिन उनके खाने पीने का सामान वहीं छूट गया। टीम ने मौके पर प्रतिबंधित लकड़ी के कटे हुए 21 भारी-भरकम पेड़ों के अवशेष पाए। साथ ही, 23 बड़े मोछे (लकड़ी के टुकड़े) और ताजा बुरादा भी बरामद किया गया।

वन विभाग ने ठेकेदार के नंगल जरियालां स्थित आरे पर छापा मारा और कटान से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। जिससे पता चला कि ठेकेदार ने विभाग से किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली थी। घनारी के प्रधान विचित्र सिंह ने बताया कि अवैध कटान ठेकेदार राकेश द्वारा किया गया है और उसने अधिकांश लकड़ी को पहले ही वहां से हटा दिया है।

> जिस स्थान से लकड़ी काटी गई है, वहां की निशानदेही कर ठेकेदार के खिलाफ वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग पेड़ों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है, और इस तरह के अवैध कटान को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
> -डीएफओ ऊना सुशील राणा

### क्या कहते हैं रेंज ऑफिसर

रेंज ऑफिसर पूर्ण चंद ने कहा कि विभाग ने मौके पर कटे पेड़ों की नंबरिंग कर ली है और बचे हुए लकड़ी के मोछों को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए निगरानी तेज की जाएगी। यह घटना हिमाचल प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण और वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। सरकार और विभाग को इस तरह के अपराधों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि प्राकृतिक संपदा का अवैध दोहन रोका जा सके।

एक महान व्यक्ति एक प्रतिष्ठित व्यक्ति से इस मायने में भिन्न होता है कि वह समाज का सेवक बनने के लिए तैयार रहता है। -डॉ. भीमराव अंबेडकर

## संपादकीय

# चार चाल की ग्रेजुएशन

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय यानी एचपीयू ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियम लागू कर दिए हैं। यह बदलाव नई शिक्षा नीति के तहत किया गया है। एचपीयू से मानयता प्राप्त कॉलेजों में अब ग्रेजुएशन की डिग्री चार साल की हो जाएगी। निश्चित रूप से इससे विद्यार्थियों को कई फायदे हो सकते हैं। सबसे पहला फायदा करियर उन्नति का होगा। चार साल की स्नातक डिग्री प्राप्त करने से करियर में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। कई प्रवेश स्तर की नौकरियों के लिए स्नातक की डिग्री की आवश्यकता होती है। करियर में उन्नति और उच्च कमाई की संभावना के अधिक अवसर भी खुल सकते हैं। एक स्नातक डिग्री प्रोग्राम छात्रों को अध्ययन के अपने चुने हुए क्षेत्र में ज्ञान और कौशल की एक विस्तृत शृंखला प्रदान करता है, जो उन्हें विभिन्न प्रकार के करियर के लिए तैयार करता है।

कॉलेज या यूनिवर्सिटी में अध्ययन करने से छात्रों को अपने क्षेत्र में पेशेवरों और अन्य छात्रों से मिलने और नेटवर्क बनाने की राह दिखती है, जिससे ग्रेजुएशन होने के बाद नौकरी के अवसर पैदा हो सकते हैं। कॉलेज में पढ़ाई व्यक्तिगत विकास का मौका देता है और स्नातक की डिग्री हासिल करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान बढ़ाती है। इसके साथ ही बेहतर नौकरी की सुरक्षा भी मिलती है। आम तौर पर, स्नातक की डिग्री वाले लोगों के पास बेहतर नौकरी की सुरक्षा होती है, उनके बेरोजगार होने की संभावना कम होती है तथा कमाई की संभावना अधिक बन जाती है। जाहिर है इससे नौकरी में भी संतुष्टि होगी। अध्ययनों से पता चला है कि जिन लोगों के पास स्नातक की डिग्री होती है, वे अपनी नौकरी से अधिक संतुष्ट होते हैं।

एक स्नातक की डिग्री छात्रों को करियर बनाने के लिए तैयार करती है जो उन्हें अपने समुदायों और समाज में समग्र रूप से योगदान करने की अनुमति देती है। ग्रेजुएशन के बाद उच्च वेतन वाले पद मिलने की संभावना भी बन जाती है। दूसरी ओर, यदि आप अपने पाठ्यक्रम के दौरान एक स्थिर रिकॉर्ड रखते हैं, तो स्नातक स्तर पर आपको निश्चित रूप से उद्योग में सर्वोत्तम वेतन की पेशकश की जाएगी। इसके साथ ही रोजगार के कई अवसर भी मिल जाते हैं। इंजीनियरिंग एक व्यापक क्षेत्र है जिसमें आपकी रुचियों और क्षमताओं के आधार पर कई विशेषज्ञताओं का चयन किया जा सकता है। स्किल डेवलपमेंट के जरिए इंजीनियर दुनिया के कुछ सबसे प्रतिभाशाली दिमागों के साथ काम करते हैं और उनका बौद्धिक विकास होता है। दरअसल, बैचलर डिग्री चार साल या उससे अधिक समय तक चलने वाले अध्ययन के पाठ्यक्रम को पूरा करने पर कॉलेजों और विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की जाने वाली एक स्नातक शैक्षणिक डिग्री है। स्नातक डिग्री के सबसे सामान्य प्रकार बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए) और बैचलर ऑफ साइंस (बीएस) हैं। ये डिग्रियां छात्रों को अध्ययन के अपने चुने हुए क्षेत्र में ज्ञान और कौशल की एक विस्तृत शृंखला प्रदान करती हैं।

बैचलर की डिग्री के लिए पाठ्यक्रम में आम तौर पर सामान्य शिक्षा आवश्यकताओं के साथ-साथ चुने गए प्रमुख के लिए विशिष्ट आवश्यकताएं शामिल होती हैं। सभी शोध और किसी भी अतिरिक्त आवश्यकताओं को पूरा करने पर, जैसे कि व्यापक परीक्षा से छात्रों को उनकी स्नातक की डिग्री प्राप्त होगी। यह डिग्री अक्सर कई प्रवेश स्तर की नौकरियों के लिए आवश्यक होती है और इसे कई पेशेवर करियर के लिए शिक्षा का न्यूनतम स्तर माना जाता है। स्नातक एक ऐसे व्यक्ति को संदर्भित करता है, जिसने कॉलेज या विश्वविद्यालय में अध्ययन का कोर्स पूरा कर लिया है और स्नातक की डिग्री जैसी डिग्री प्राप्त की है। इसका मतलब है कि व्यक्ति ने स्नातक कार्यक्रम के लिए आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है और उसे डिप्लोमा या प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है। ये शब्द किसी ऐसे व्यक्ति को भी संदर्भित कर सकता है, जिसने स्नातक कार्यक्रम पूरा कर लिया है और स्नातक की डिग्री प्राप्त की है, जैसे कि मास्टर या पीएचडी। यह डिग्री उच्च स्तर की डिग्री है, जिन्हें आमतौर पर स्नातक स्तर से परे अतिरिक्त शोध और शोध की आवश्यकता होती है। कई छात्र स्नातक की डिग्री पूरी करने के बाद स्नातक की डिग्री हासिल करना चुनते हैं। बहरहाल स्नातक की डिग्री आगे के अध्ययन और अनुसंधान के लिए एक ठोस आधार प्रदान करती है। ■

**आज के दिन की प्रमुख हस्ती**

## भारत की प्रसिद्ध महिला क्रांतिकारी

रानी गाइदिनल्यू भारत की प्रसिद्ध महिला क्रांतिकारियों में से एक थीं। उन्होंने देश को आजादी दिलाने के लिए नागालैंड में अपनी क्रांतिकारी गतिविधियों को अंजाम दिया। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के समान ही वीरतापूर्ण कार्य करने के लिए इन्हें 'नागालैंड की रानी लक्ष्मीबाई' कहा जाता है। जब रानी गाइदिनल्यू को अपनी क्रांतिकारी गतिविधियों के कारण अंग्रेजों ने गिरफ्तार कर लिया, तब पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कई वर्षों की सजा काट चुकीं रानी को रिहाई दिलाने के प्रयास किए किंतु अंग्रेजों ने उनकी इस बात को नहीं माना, क्योंकि वह रानी से बहुत भयभीत थे और उन्हें अपने लिए खतरनाक मानते थे। रानी गाइदिनल्यू का जन्म मणिपुर राज्य में पश्चिमी जिले में हुआ था। स्वतंत्रता संग्राम में साहसपूर्ण योगदान के लिए प्रधानमंत्री की ओर से ताम्रपत्र देकर और राष्ट्रपति की ओर से 'पद्मभूषण' की मानद उपाधि देकर उन्हें सम्मानित किया गया था। ■



रानी गाइदिनल्यू
जन्म : 26 जनवरी, 1915
मृत्यु : 17 फरवरी, 1993

**कविता**

## भारत देश हमारा है



राकेश डोगरा

*हम सबकी आंखों का तारा सारे जग से न्यारा है,*
*आओ साथियो, मिलकर बोलें भारत देश हमारा है।*
*ब्रिटिश हुकूमत को अब देश में और न रहने दूंगा,*
*तुम सब मुझको खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा।*
*आजादी के दीवाने 'सुभाष बॉस' का यह नारा है,*
*आओ साथियो, मिलकर बोलें भारत देश हमारा है।*
*डॉ. बीआर अंबेडकर जी थे इंसान बड़े महान,*
*संविधान की रचना में था उनका बड़ा योगदान।*
*जात-पात का भेद मिटाकर जीना हमें सिखाया है,*
*आओ साथियो, मिलकर बोलें भारत देश हमारा है।*
*छब्बीस जनवरी सन पचास को लागू संविधान हुआ,*
*कानून व्यवस्था अधिकारों का तबसे हमको ज्ञान हुआ।*
*कर्तव्य पथ से राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया है,*
*आओ साथियो, मिलकर बोलें भारत देश हमारा है।*

अनंत ज्ञान

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# गणतंत्र दिवस : हर भारतीय के लिए गर्व और उत्साह का दिन




भारत 15 अगस्त, 1947 को आजाद हुआ, लेकिन एक स्वतंत्र और संप्रभु गणराज्य बनने का सपना 26 जनवरी, 1950 को पूरा हुआ। यह वह दिन था, जब भारत का संविधान लागू हुआ और देश ने अपना पहला गणतंत्र दिवस मनाया। इस दिन को 1930 में पूर्ण स्वराज दिवस के संकल्प के कारण चुना गया। 26 जनवरी, 1930 को इंडियन नेशनल कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज की घोषणा की थी और इस दिन को पूरे देश में स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया गया था। यह ऐतिहासिक क्षण हर भारतीय के लिए गर्व और उत्साह से भरा हुआ था। देश के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने 26 जनवरी 1950 को सुबह 10:18 मिनट पर भारत को संप्रभु गणराज्य घोषित किया। इसके ठीक 6 मिनट बाद डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भारत के पहले राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। यह शपथ समारोह राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में हुआ। इसके बाद राष्ट्रपति को तोपों की सलामी दी गई, जो आज भी गणतंत्र दिवस समारोह का अभिन्न हिस्सा है।

दिल्ली में आयोजित पहली गणतंत्र दिवस परेड इरविन स्टेडियम यानी आज के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हुई। यह परेड दोपहर 2:30 बजे शुरू हुई थी। राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद विशेष रूप से सजी बग्घी में सवार होकर कनॉट प्लेस होते हुए 3:45 बजे इरविन स्टेडियम पहुंचे। इस मौके पर आधुनिक गणतंत्र के पहले राष्ट्रपति ने इरविन स्टेडियम में 15 हजार लोगों के सामने तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली। पहली गणतंत्र दिवस परेड में भारतीय सेना के तीनों बल थलसेना, वायुसेना और नौसेना ने हिस्सा लिया। इस परेड में 3,000 जवान और 100 विमान शामिल हुए। डकोटा और स्पिटफायर जैसे विमानों ने फ्लाईपास्ट किया। फ्लाईपास्ट ने इस आयोजन को और भव्य बनाया। पहली बार गणतंत्र दिवस पर 31 तोपों की सलामी दी गई, जिससे दिल्ली गूंज उठी, बाद में तोपों की सलामी की संख्या घटाकर 21 कर दी गई। पहले गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति डॉ. सुकर्णो थे। इसी दिन गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि को आमंत्रित करने की परंपरा की शुरुआत हुई।

1950 की परेड भले ही आज की परेड जैसी भव्य नहीं थी, लेकिन यह भारतीयों के लिए गर्व और नई शुरुआत का प्रतीक थी। इसमें झांकियां नहीं थीं, लेकिन सेना की टुकड़ियों ने उस समय के पराक्रम का प्रदर्शन किया। इसके बाद के वर्षों में परेड की भव्यता बढ़ती गई और झांकियां, लोक नृत्य और आतिशबाजी भी समारोह का हिस्सा बने। पहला गणतंत्र दिवस सिर्फ एक आयोजन नहीं था, यह भारत के गणराज्य बनने का उत्सव था। आज भी उस ऐतिहासिक दिन की यादें हर भारतीय को गर्व से भर देती हैं। 1950 से लेकर 1954 तक गणतंत्र दिवस परेड वर्तमान कर्तव्य पथ पर नहीं हुई। इसका आयोजन कभी इरविन स्टेडियम, किंग्सवे कैंप तो कभी रामलीला मैदान में किया गया।



लेखक : डॉ. पवन कुमार शर्मा
स्वतंत्र लेखक

1954 से इसका आयोजन राजपथ पर होने लगा, जिसे अब कर्तव्य पथ के नाम से जाना जाता है। पहली बार 1953 में सेना एवं सशस्त्र बलों के साथ राज्यों की झांकियों को भी शामिल किया गया। इसका मकसद राज्यों के बीच एक तालमेल एवं स्वस्थ प्रतियोगिता के साथ ही एकता की भावना को विकसित करना था। एकता की भावना का यह क्रम आज भी चल रहा है।

**वर्ष 1975 में गणतंत्र की रजत जयंती :** गणतंत्र भारत की सिल्वर जुबली 1975 में आई। देश के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय था क्योंकि 1975 से 1977 तक देश में आपातकाल लगाया गया। इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जांबिया के राष्ट्रपति किनथ कौंडा ने हिस्सा लिया। इस वर्ष रिपब्लिक डे परेड में भारत की बढ़ती सैन्य ताकत एवं सांस्कृतिक विविधता प्रदर्शित की गई। राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण समय में भारत की एकता और प्रगति

अनंत ज्ञान

**गणतंत्र दिवस परेड में पहला महिला दस्ता :** 1975 में पहली बार थल सेना, नौसेना एवं वायुसेना के महिला दस्ते ने गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लिया था। इस ऐतिहासिक मौके पर आर्मी के महिला दस्ते का नेतृत्व कैप्टन दिव्या अजित ने, नेवी के महिला दस्ते का नेतृत्व लेफ्टिनेंट कमांडर संध्या चौहान ने और एयरफोर्स दस्ते का नेतृत्व स्क्वेड्रन लीडर स्नेहा शेखावत ने किया था। आर्मी, नेवी और एयरफोर्स की 148 महिला सैन्य अधिकारियों का यह दस्ता पहली बार रिपब्लिक डे परेड में शामिल हुआ था। 1975 गणतंत्र दिवस परेड में ही देश की पहली महिला आईपीएस अधिकारी डॉ. किरण बेदी ने गणतंत्र दिवस परेड में दिल्ली पुलिस कंटिजेंट का नेतृत्व कर इतिहास रचा था। 26 वर्ष की युवा आईपीएस अधिकारी किरण बेदी उस समय दिल्ली पुलिस की एएसपी थी

**वर्ष 2000 में गणतंत्र की स्वर्ण जयंती :** सन 2000 में गणतंत्र की गोल्डन जुबली के अवसर पर परेड के दौरान फोकस, भारत की प्रगति और उपलब्धियों पर केंद्रित रहा। इस वर्ष रिपब्लिक डे परेड में नाइजीरिया के राष्ट्रपति ओल्युजगन ओबासान्जो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस वर्ष स्पेस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत के बढ़ते रुतबे और विशेषकर इसरो की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। इसी वर्ष परेड में अग्नि-2 मिसाइल का प्रदर्शन किया गया। इस वर्ष इंडियन एयरफोर्स ने भी अपने तत्कालीन एंडवास्ड एयरक्राफ्टस के साथ फ्लाईपास्ट में हिस्सा में लिया। झांकियों में भी संविधान और गणतंत्र के स्वर्ण जयंती वर्ष की झलक साफ रूप से दिखाई दी। भारत के गणतंत्र का स्वर्ण जयंती उत्सव 27 जनवरी 2000 को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में मनाया गया। इस अवसर पर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत के संविधान की हिंदी में लिखी हस्तलिखित प्रति का अनावरण किया था। संविधान की मूल हस्तलिखित प्रति का हिंदी में अनुवाद वसंत कृष्ण वैद्य ने किया था और चित्रकार नंद लाल बोस ने एक-एक पृष्ठ को कलाकृतियों से सजाया था।

**गणतंत्र दिवस परेड में विशिष्ट विदेशी अतिथि :** गणतंत्र दिवस परेड में हर वर्ष एक विदेशी राष्ट्राध्यक्ष को मुख्य अतिथि के तौर आमंत्रित किया जाता है। 1950 में शुरू हुई यह परंपरा आज भी जारी है। गणतंत्र दिवस पर प्रमुख विशिष्ट विदेशी मेहमानों की बात करें तो 1989 में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ वियतनाम के जनरल सेक्रेटरी गूयेन वान लिन्ह भारत आए थे। 1995 की रिपब्लिक डे परेड में दक्षिण अफ्रीका के तत्कालीन राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला, 2015 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा, 2018 में आसियान देशों के राष्ट्राध्यक्ष, 2023 में मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सिसी और 2024 में फ्रांस के राष्ट्रपति एम्युनल मैक्रों शामिल हैं।

**वर्ष 2025 में गणतंत्र की हीरक जयंती :** 2025 गणतंत्र दिवस परेड का डायमंड जुबली वर्ष है। हीरक जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर, कर्तव्य पथ में फोकस, संविधान को अंगीकार करने के 75 वर्ष पूर्ण होने एवं जन भागीदारी पर है। झांकियों को 'स्वर्णिम भारत - विरासत और विकास' की थीम पर सजाया गया है। गणतंत्र दिवस 2025 के विशेष अवसर पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो मुख्य अतिथि हैं। 34 अलग-अलग कैटेगिरी में लगभग 10,000 विशेष अतिथि गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ की शोभा बढ़ाने जा रहे हैं। समाज के विभिन्न वर्गों से संबंध रखने वाले इन विशिष्ट अतिथियों को 'स्वर्णिम भारत के निर्माता' के रूप में आतिथ्य किया जा रहा है। कुल मिलाकर भारतीय गणतंत्र का अमृत उत्सव हर मायने में भव्य और दिव्य है और हो भी क्यों ना, यह दुनिया के सबसे बड़े और सफल लोकतंत्र, गणतंत्र का उत्सव है। यह एक भारत, श्रेष्ठ भारत एवं विश्वगुरु भारत और विकसित भारत का उत्सव है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# पैसों से बड़ा आदमी का चरित्र, मानव सेवा ही सबसे बड़ा परम धर्म

आधुनिक मानव माया के कारण अंधा होता जा रहा है और अपना विवेक खो चुका है। माया इकट्ठी करने के चक्कर में आज आदमी इतना व्यस्त है कि रोटी खाने के लिए समय नहीं है। यह घटिया किस्म के माया के भूखे लोग एक दिन भूखे ही मर जाएंगे। पैसों से बड़ा चरित्र होता है मगर माया के अंधे लोगों को इससे कोई सरोकार नहीं होता। विडवंना देखिए कि आज मानव माया को ही सब कुछ मान बैठा है। कुछ तथाकथित अमीर आज मजदूरों की कमाई से महल बना रहे हैं, मगर जिस दिन यह मजदूरों का पसीना अपना रंग दिखाएगा, महल धराशायी हो जाएंगे।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार

मजदूरों को उनकी मेहनत का पूरा पैसा नहीं मिलता है। धन्नासेठ बने लोग मजदूरों की गाढ़ी कमाई से ऐश कर रहे हैं, मगर कहते हैं, जो मजदूरों का हक मारता है, ईश्वर उसे जरूर सजा देता है। मजदूरों की पसीने की कमाई से अपने बच्चों को हाई-फाई स्कूलों में पढ़ा रहे हैं और मजदूरों के बच्चे तरस रहे हैं। आज ऐसे लोग जो कभी रोटियों को तरसते थे, आज यही तथाकथित व माया के कारण अंधे हुए अमीर लोग ऐसे इतराते हैं जैसे कुबेर के खानदानी हैं। आज मानव इंटरनेट की दुनिया में मस्त है। चौबीस घंटे मोबाइल से खेल रहा है। संवेदनहीनता की हदें पार होती जा रही हैं। कुछ तथाकथित लोग लक्ष्मण रेखा लांघ रहे हैं। श्मशानघाट पर भी फेसबुक पर व्यस्त रहते हैं। पिछले दिनों एक नौजवान की मौत हो गई। रात का समय था श्मशानघाट में शवयात्रा में शामिल हुए वहां पर कुछ युवक तीन-चार घंटे मोबाइल पर मस्त रहे, उनमें जरा भी संवेदना नहीं थी कि एक नौजवान की मौत हुई है। कुछ दिन पहले बीमारी से एक महिला की मौत हो गई, अभी उसकी मौत का दो दिन ही नहीं बीते थे कि तीसरे दिन महिला के पड़ोस में एक शादी हो गई। शादी वालों ने जोर-जोर से डीजे लगाया, उनमें जरा भी सवेदना नहीं कि घर के सामने किसी की मौत हुई है और वह नाच-गाने में मस्त हैं।

खुशी में मस्त लोगों को सोचना चाहिए कि अगर कल को उनके घर में ऐसा मातम छा जाए और पड़ोसी ऐसा करे तो उनके दिल पर क्या गुजरेगी, जो कि ऐसा नहीं करना चाहिए। समय पर समाज में ऐसे उदाहरण मिलते रहते हैं। आज लोग अन्न की बरबादी कर रहे हैं। आज पता नहीं कितने ही लोग भूखे मर रहे हैं। अन्न की बरबादी से तो अच्छा है कि किसी भूखे को उसे देकर कुछ पुण्य कमा लिया जाए। आज शहरों से लेकर गांव की नालियों में जूठन बहती है। आज लोग चंद स्वार्थों के लिए असभ्य व गंदे लोगों का साथ देते हैं। आदमी पैसे के पीछे ऐसे भाग रहा है कि बच्चों के लिए समय नहीं है। छोटे-छोटे नवजात बच्चों को आया के पास छोड़ देते हैं और खुद पैसा कमाने चले जाते हैं। बच्चों को क्रेचों में भेज दिया जाता है। पैसा कमाने के चक्कर में बच्चों की परवाह नहीं है। आज बच्चों को मां-बाप का प्यार नहीं मिल रहा है।



माया के कारण आज आदमी इतना मस्त है कि बीमार बाप को दवाई लाने व अस्पताल ले जाने का समय नहीं है। अरे जिन माता- पिता ने संसार दिखाया, आज उन्ही के लिए समय नहीं है, ऐसी औलादें इंसान नहीं, राक्षस हैं। आज बुजुर्ग दाने-दाने का मोहताज हैं। कलयुगी श्रवणों का बोलबाला है। आज संतानें मां-बाप को वृद्ध आश्रमों में भेज रही हैं। शायद यह बुजुर्गों का दुर्भाग्य है कि जिन बच्चों की खातिर भूखे प्यासे रहे, पेट काटकर जिन्हें सफलता दिलवाई, आज वही संतानें घातक सिद्ध हो रही हैं। मां-बाप दस बच्चों को पाल सकते हैं, लेकिन दस बच्चे मां-बाप का बंटवारा कर रहे हैं। साल भर उन्हें महीनों के हिसाब से बांटा जाता है।

अनंत ज्ञान

वर्तमान परिवेश में ऐसे हालात देखने को मिल रहे हैं। बेशक ईश्वर ने संसार में करोड़ों जीव-जंतु बनाए, लेकिन इंसान सबसे अहम कृति बनाई, लेकिन ईश्वर की यह कृति पथभ्रष्ट हो रही है। आज सड़कों पर आदमी तड़फ-तड़फ कर मर रहा है। इंसान पशु से भी बदतर होता जा रहा है क्योंकि यदि पशु को एक जगह खूंटे से बांध दिया जाए तो वह अपने आप को उसी अवस्था में ढाल लेता है, जबकि मानव परिस्थितियों के मुताबिक गिरगिट की तरह रंग बदलता है। आज पैसे का बोलबाला है। ईमानदारी कराह रही है, अच्छाई बिलरही है। भाईचारा, सहयोग, मदद एक अंधेरे कमरे में सिमट गए हैं। आत्मा सिसक रही है। वर्तमान में अच्छे व संस्कारवान मनुष्य की कोई गिनती नहीं है। चोर उच्चकों, गुंडे, मवालिओं का आदर सत्कार किया जाता है। आज हंस भीड़ में खोते जा रहे हैं और कौओं को मंच मिल रहा है। हजारों कंस पैदा हो रहे हैं, एक कृष्ण कुछ नहीं कर सकता। आज कतरे भी खुद को दरिया समझने लगे हैं, लेकिन समुद्र का अपना आस्तित्व है। मानव आज दानव बनता जा रहा है। संवेदनाएं दम तोड़ रही हैं।

मानव आज लापरवाही से जंगलों में आग लगा रहा है, जिसमें हजारों जीव-जंतु जलकर राख हो रहे हैं। जंगली जानवर शहरों की ओर भाग रहे हैं, जबकि सदियां गवाह हैं कि शहरों व आबादी वाले इलाकों में वे कभी नहीं आते थे, मगर जब मानव ने जानवरों का भोजन खत्म कर दिया। जीव-जंतुओं को काट खाया तो जंगली जानवर भूख मिटाने के लिए आबादी का ही रुख करेंगे। नरभक्षी बनेंगे। आज संवेदनशीलता खत्म होती जा रही है। आज मानव मशीन बन गया है। निजी स्वार्थों के आगे अंधा हो चुका है। अपने ऐशो आराम में मस्त है। दुनिया से कोई लेना-देना नहीं है। संस्कारों का जनाजा निकाला जा रहा है। मर्यादाएं भंग हो रही हैं। मानव सेवा परम धर्म है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# भारत आज हर क्षेत्र में अग्रणी, निरंतर समृद्धि की ओर बढ़ रहा

भारत निरंतर शक्ति और समृद्धि की ओर बढ़ रहा है और अपनी जड़ों से जुड़कर हर कदम पर नई ऊंचाइयां छू रहा है। आज भारत का महत्व वैश्विक मंच पर पहले से कहीं अधिक सशक्त हो चुका है। भारत ने हर क्षेत्र में अपनी भूमिका को सुदृढ़ किया है और विशेष रूप से योग और ध्यान के माध्यम से पूरे विश्व को जोड़कर, इसने आध्यात्मिकता के क्षेत्र में अपार प्रगति की है।



लेखक : श्री श्री रवि शंकर
आध्यात्मिक गुरु

पिछले वर्षों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस में विश्व भर के लोगों की भागीदारी ने भारत को एक आध्यात्मिक और ज्ञानप्रधान देश के रूप में प्रस्तुत किया है। 'वसुधैव कुटुंबकम् - विश्व एक परिवार है'- यह विचारधारा भारत से उत्पन्न हुई। यही विश्वास भारत के दृष्टिकोण को भी परिभाषित करता है। इसके साथ ही हमें सभी पुरानी मानसिकताओं से बाहर आना चाहिए क्योंकि जब तक हम अपनी जड़ों पर गर्व नहीं करते, तब तक न तो हम अपने जीवन में आगे बढ़ सकते हैं और न ही हमारा देश प्रगति कर सकता है। भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। यहां के सभी दिलों में अनेक सपने, संभावनाएं और अपेक्षाएं हैं और इसलिए यह आवश्यक है कि हम देश को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं के भविष्य के लिए बेहतर योजनाएं बनाएं। हमें उन्हें एक सही दिशा देने की जरूरत है। हमें अपनी संस्कृति, परंपरा और मूल्यों को समझने के लिए दृष्टिकोण को विस्तृत करने और जड़ों को गहरा करने की आवश्यकता है। जब हम अपनी जड़ों को गहरा करते हैं, तो यह हमारे भीतर जिम्मेदारी की भावना जागृत करता है और विशाल दृष्टिकोण विश्राम की भावना लाता है।

दुनिया में भारत जैसी वैविध्यता कहीं और नहीं है। देश की वैविध्यता में हम सभी लोगों को एक साथ लेकर चलें। एकता हमारे देश का बल है। हमारे हर प्रांत में अलग-अलग भाषाएं, अलग-अलग व्यंजन और अलग-अलग तरह के हमारे पोशाक हैं। भारत के पास दुनिया के साथ साझा करने के लिए पर्यटन, भोजन, तकनीकी, वस्त्र, आभूषण, आयुर्वेद, योग और आध्यात्मिक ज्ञान सहित बहुत कुछ है। समाजसेवा और आध्यात्मिकता साथ-साथ चलते हैं, ये दोनों एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते। बिना आध्यात्मिकता के समाज सेवा स्वार्थ की भावना को बढ़ावा दे सकती है, जैसे कई बार लोग प्रसिद्धि, पैसे या सम्मान पाने के लिए भी सेवा करते हैं। वहीं, कई व्यक्ति ऐसा कहते हैं कि वे अध्यात्म में हैं और सबको प्रेम करते हैं लेकिन किसी तरह की सेवा नहीं करते तो वे भी सच्चे अर्थ में आध्यात्मिक नहीं हैं। देश प्रेम और ईश्वर प्रेम में कोई भेद नहीं होता है। अक्सर हम अपनी व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करने में लगे रहते हैं, लेकिन देश के प्रति अपने कर्तव्यों पर उतना ध्यान नहीं देते।



अनंत ज्ञान

हमें यह बदलना पड़ेगा। इस गणतंत्र दिवस पर हम सभी यह प्रण लें कि हम कर्तव्यपरायण रहेंगे, तभी हम प्रसन्न और सुखी रह सकते हैं। हम जितनी अधिक जिम्मेदारियां लेने लगेंगे जीवन में उतना ही बलशाली अनुभव करेंगे। 'विविधता में एकता' और 'अनेकता में समरसता' भारत की विचारधारा के मूल तत्व हैं। जीवन को उत्सव मानना, सभी के प्रति अपनेपन का भाव रखना और आपस में प्रेम व शांति को बढ़ावा देना, यही भारत के मूल्य हैं। इस गणतंत्र दिवस पर हम यह संकल्प करें कि हमारा देश स्वावलंबी और मजबूत बनकर आगे बढ़ें। हम सब मिलकर प्रेम, शांति और एकता की अलख जलाए रखें और अपने राष्ट्र और विश्व के लिए एक समृद्ध भविष्य की दिशा में काम करते रहें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### धनीराम शांडिल ने किया मंडी अस्पताल का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, मंडी।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने आज क्षेत्रीय अस्पताल मंडी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को सुलभ व अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में समुचित स्टाफ सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि लोगों को बेहतर उपचार व अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

### रुके विकास कार्यों को लेकर भाजपा करेगी प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** संधोल ईकाई की भारतीय जनता पार्टी की बैठक विश्राम गृह संधोल में जिला मीडिया प्रभारी व भाजपा के प्रत्याशी रहे रजत ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में पूर्व सरकार के समय हुए विकास कार्यों और विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई जिसमें अधूरे विकास कार्यों व जनसमस्याओं को लेकर विरोध प्रकट किया गया। वर्तमान सरकार को कुंभकर्णी नींद से उठाने के लिए 4 फरवरी को 10 बजे बस स्टैंड संधोल से विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे।

### बंद किए संस्थान न खोले तो होगा आंदोलन : मुकेश



**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** बालीचौकी उपमंडल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा खोले गए संस्थान अगर वर्तमान कांग्रेस सरकार द्वारा बहाल नहीं किए गए तो बालीचौकी भाजपा मंडल आने वाले समय में सरकार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करेगा। बालीचौकी भाजपा मंडल के अध्यक्ष मुकेश मैडी ने कहा कि कुछ दिनों से क्षेत्र के कांग्रेसियों में श्रम कल्याण विभाग के उपमंडल कार्यालय की स्वीकृति का श्रेय लेने की होड़ मची है। गुटों में बंटी सराज कांग्रेस के कुछ नेता अपने अपने तरीके से इस कार्यालय के खुलने का श्रेय ले रहे हैं और जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। इस कार्यालय की हकीकत यह है कि पूर्व मुख्यमंत्री ने वर्ष 2022 में श्रम कल्याण विभाग के इस कार्यालय को खोला था और कार्यालय ने अपना कार्य तक शुरू कर दिया था। सराज भाजपा के पूर्व अध्यक्ष भागीरथ शर्मा,वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता देव राज ठाकुर और गिरधारी ठाकुर भी उपस्थित रहे।

### हत्या के आरोपी पुलिसकर्मी को हो फांसी की सजा : अंजना

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** बीते दिनों जोगिंद्रनगर से संबंध रखने वाली युवती निशा सोनी की हत्या को लेकर अंजना ठाकुर न्याय संघर्ष समिति द्वारा वर्चुअल बैठक के बाद कहा कि आरोपी पुलिस को फांसी की सजा की मांग की गई है। आए दिन दुष्कर्म व हत्याकांड के मामले सामने आने पर समिति द्वारा चिंता व्यक्त कर सरकारों और पुलिस प्रशासन को खासकर इंगित करते हुए कहा है कि जो आरोपी सामने आ रहे हैं उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि पुनः इस तरह की प्रवृत्तियां समाज में न पनप सके। समिति के अध्यक्ष अनिल सोनी का कहना है कि हम इस दुखद घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ है। वहीं अंजना ठाकुर के पिता भगत सिंह द्वारा भी मामले पर संवेदना प्रकट करते हुए दोषी को कड़ी से कड़ी सजा की मांग की गई है।

### 30 से 12 फरवरी तक पड्डल ग्राउंड में होगा क्रिकेट टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** महाशिवरात्रि मेला खेलकूद समिति की बैठक एसपी मंडी साक्षी वर्मा की अध्यक्षता में पुलिस लाइन के कामाक्षा हॉल में आयोजित हुई, जिसमें अन्य खेलों के अलावा इस बार 24 वर्षों के अंतराल में क्रिकेट प्रतियोगिता करवाने का निर्णय लिया गया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 30 जनवरी से 12 फरवरी तक मंडी के पड्डल ग्राउंड में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 4500 रुपए प्रति टीम रखा गया है। पड्डल मैदान की उपलब्धता कम समय के लिए होने के कारण अधिकतम 32 टीम तक ही प्रवेश लिया जाएगा। प्रवेश शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी रखी गई है, परंतु अगर 32 टीमें पहले हो जाती है, तो प्रवेश उसी दिन प्रतिबंधित हो जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया रविवार प्रातः 10 बजे से शुरू हो जाएगी। डीएसपी हेडक्वार्टर दिनेश शर्मा टूर्नामेंट के संयोजक होंगे और अनिल सेन, पूर्व रणजी कप्तान हिमाचल प्रदेश सह संयोजक होंगे।

### देवदर्शन को कनौन पहुंचे विधायक सुरेंद्र शौरी



**अनंत ज्ञान, सैंज।** सैंज घाटी की ग्राम पंचायत कनौन में देव ब्रह्मा व माता महामाई के नवनिर्मित रथों की प्रतिष्ठा का कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। देव कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया व देवदर्शन किए। यह कार्यक्रम देवता के डूघा स्थित मंदिर में आयोजित किया गया। दोनों देव रथ कनौन स्थित कोठी में विराजित हुए। बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी भी अपनी धर्मपत्नी कीर्ति शौरी सहित भी शनिवार सुबह देवदर्शन के लिए कनौन गांव पहुंचे। इस दौरान विधायक शौरी ने कनौन गांव में ग्रामवासियों की मांग पर सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए धनराशि प्रदान करने की घोषणा की। विधायक ने कहा कि देव ब्रह्मा व माता महामाई के रथ प्रतिष्ठा का भव्य व सफल आयोजन हुआ है। इस दौरान स्थानीय पंचायत प्रधान हीरा सिंह महता, बलदेव महंत, कुंदन कारदार, चमन, गब्बर सिंह, वेद राम आदि साथ मौजूद रहे।

### राष्ट्रपति ने उपायुक्त राहुल कुमार को किया सम्मानित

**कुल्लू।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल-स्पीति राहुल कुमार को लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवार्ड-2025 से सम्मानित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।




राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित, उपायुक्त ने कहा-

# राष्ट्र निर्माण के लिए मतदान जरूरी



डीसी मंडी के साथ मतदाता पहचान पत्र के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर निर्वाचन विभाग द्वारा शनिवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मंडी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने की। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि मतदान में भागीदारी से ही मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी जा सकती है। उन्होंने युवाओं से मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ व उन्हें मताधिकार के महत्व को समझाना है। बेहतर भविष्य और राष्ट्र निर्माण के लिए जरूरी है कि सभी मतदाता अवश्य मतदान करें। इस अवसर पर उपायुक्त ने शतप्रतिशत मतदान के लिए निर्भीक व निडर होकर मतदान करने की शपथ दिलाई। उपायुक्त ने 18 युवा मतदाताओं को फोटोयुक्त पहचान पत्र तथा 18 बूथ लेबल ऑफिसर को सम्मानित किया गया।

उपायुक्त ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व जिला रेडक्रास सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित सर्व दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता भी की। उन्होंने 26 सर्व स्वयंसेवकों को आवार्ड व मानदेय भी प्रदान किए। उपायुक्त ने इस अवसर पर सर्व के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन भी किया।

### एसडीएम ने कर्मियों को दिलाई मतदाता शपथ

**जोगिंद्रनगर।** निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने मिनी सचिवालय परिसर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान में भाग लेने के लिए मतदाता शपथ दिलाई। मतदाता शपथ के माध्यम से सभी ने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखते हुए मतदान करने की कसम खाई। साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, मूलवंश, जाति, समुदाय, भाषा या फिर किसी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की भी शपथ ली।

## टेंट हाउस स्टोर में आग से लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सौली खड्ड औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार को एक टेंट हाउस के स्टोर में आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। मालिक गुरजिंद्र सिंह ने बताया कि लगभग 60 लाख रुपए का सामान जल गया। आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

बंद गोदाम में आग की लपटें व धुआं पड़ोसियों ने देखा। दमकल कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया पर आग भीषण थी। इसे पूरी तरह से नियंत्रित करने में पांच घंटे का समय लगा। गोदाम में कुर्सियां, सोफे, शामियाना, कनात, बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर खाक हो गए। एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया और पार्षद राजेंद्र मोहन ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित को शीघ्र राहत देने की मांग की।



# जाति नहीं आर्थिक आधार पर मिले आरक्षण : शक्ति चंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



बैठक के उपरांत समिति के पदाधिकारी।

सामान्य वर्ग कल्याण समिति जिला मंडी की मासिक बैठक संकन गार्डन परिसर में प्रदेशाध्यक्ष शक्ति चंद चौहान की अध्यक्षता में हुई। जिला मंडी के समस्त खंडों के अध्यक्षों व महासचिवों ने भाग लिया। हिमाचल प्रदेश पूर्ण राज्यत्व दिवस की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी गई।

बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि जाति के आधार पर आरक्षण न होकर आर्थिक आधार पर होना चाहिए। सामान्य वर्ग का प्रदेश स्तर पर एक सम्मेलन भी किया जाएगा, जिसके लिए आगामी बैठक में रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में धर्मी राम वालिया, उधम सिंह चौहान, खेम चंद ठाकुर तथा लाभ सिंह जंबाल जिला महासचिव मंडी ने अपने विचार प्रकट किए।

## सकोहटा-लाम्बरी में महिलाओं ने खोला नशे के खिलाफ मोर्चा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

टिहरा ग्राम पंचायत के सकोह-सकोहटा, मनयोह-लाम्बरी और टिहरा में जागरूकता शिविर आयोजित किए और रोकथाम के लिए कमेटियां गठित की गई।

इन शिविरों में खंड अध्यक्ष भूपिंद्र भुप्पी और मंडी साक्षरता एवं जनविकास समिति के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने बतौर स्रोत व्यक्ति भाग लिया। वहीं आज सकोहटा में सुनीता देवी और मनोहरलाल की अगुवाई में कमेटी बनाई गई जिसमें रण सिंह, राजकुमारी, उर्मिला, लीला देवी, कांता देवी और निर्मला, शोमा व सुनीता को कमेटी सदस्य बनाया गया।

वहीं लांबरी में रीना देवी की अगुवाई में कमेटी गठित की गई जिसमें चंद्रावती, निर्मला, संजना, सुमना, शशिवाला, बबली, सत्या देवी, पिंकी देवी, मीनाक्षी और अंजू को सदस्य बनाया गया।

## दिल्ली के चुनावी प्रचार में उतरे ब्रह्मदास

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**



प्रत्याशी राजेश लिलोठिया के साथ ब्रह्मदास चौहान।

हिमाचल कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान दिल्ली में हो रहे विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के लिए प्रचार कर रहे हैं। ब्रह्मदास चौहान को कांग्रेस हाईकमान की ओर से दिल्ली सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी राजेश लिलोठिया के लिए चुनाव प्रचार करने का दायित्व सौंपा गया है।

ब्रह्मदास चौहान ने कांग्रेस प्रत्याशी राजेश लिलोठिया से मिलकर दिल्ली सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार शुरू किया। ब्रह्मदास ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने बीते 10 वर्षों के शासनकाल में जनहित में कोई भी कार्य नहीं किया है जिससे यहां की जनता हताश है, वहीं केंद्र में भाजपा की सरकार है मगर भाजपा ने दिल्ली के साथ हमेशा पक्षपात किया है। इसलिए भाजपा से भी दिल्ली की जनता का कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी ने राजेश लिलोठिया को प्रत्याशी बनाया है।

## छात्रों ने देवी-देवताओं की महिमा का किया प्रदर्शन

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

हिमाचल प्रदेश के राज्यत्व दिवस के उपलक्ष्य में एसेंट स्कूल, जोगिंद्रनगर ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें राज्य की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और धरोहर को जीवंत किया गया। इस कार्यक्रम ने न केवल छात्रों को अपनी सांस्कृतिक पहचान से जोड़ने का अवसर प्रदान किया, बल्कि दर्शकों को हिमाचल प्रदेश की विविधता और परंपराओं की एक झलक भी दी।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों की पारंपरिक वेशभूषा पहनी और आकर्षक झांकियों के माध्यम से राज्य के देवी-देवताओं की महिमा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर छात्रों ने सांस्कृतिक धरोहर के प्रति अपने सम्मान और गर्व को व्यक्त करते हुए रंगारंग प्रस्तुतियां दीं।



कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देतीं हुई छात्राएं।

**राज्यत्व दिवस पर एसेंट स्कूल में कार्यक्रम आयोजित**

विद्यालय की एमडी लक्की ठाकुर ने छात्रों और शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा, यह कार्यक्रम न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में एक प्रयास है, बल्कि यह छात्रों को अपनी जड़ों से जोड़े रखने का एक सशक्त माध्यम भी है। हमारे छात्रों ने अपनी कला और कौशल के माध्यम से यह संदेश दिया है कि संस्कृति हमारे जीवन की एक अनिवार्य कड़ी है। (अनंत ज्ञान)

## सुदेश कुमार राणा राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** मंडी जिले के संधोल इलाके के ग्राम बहालु से संबंध रखने वाले सुदेश कुमार राणा को गणतंत्र दिवस के अवसर पर उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।



इससे पूर्व अधिकारी राणा को गणतंत्र दिवस 2014 के अवसर पर सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

वर्तमान में वे भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) मुख्यालय में द्वितीय कमान पद पर कार्यरत हैं। सुदेश ने अपनी सेवाएं भारत की शीर्ष सुरक्षा एवं जांच एजेंसियों जैसे विशेष सुरक्षा समूह, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और राष्ट्रीय जांच एजेंसी में दी हैं। सुदेश की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत को दर्शाती है।(अनंत ज्ञान)

# मनाली में घर में लगी आग, जिंदा जला व्यक्ति

**अनंत ज्ञान, मनाली**




जिला कुल्लू की पर्यटन नगरी मनाली में मकान में आग लगने के चलते भीतर सो रहा व्यक्ति जिंदा जल गया है। यह घटना शुक्रवार रात को हुई थी, और मृतक की पहचान 50 वर्षीय ईश्वर दास के रूप में हुई है। वह अपने घर में अकेला था, और हादसे के बाद स्थानीय लोगों को सुबह आग की जानकारी मिली। लोग आग पर काबू पाने के लिए दौड़े और अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई।

वहीं पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और उन्होंने अब मृतक के शव को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा और उसके बाद पुलिस के द्वारा इस मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी।

आग लगने की सूचना मिलते ही तहसीलदार मनाली अनिल राणा भी मौके पर पहुंचे। तहसीलदार मनाली, अनिल राणा ने बताया कि आग के कारण जहां व्यक्ति मौके पर ही जल गया था वहीं, घर के कमरे का लगभग दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार होमस्टे में ईश्वर चंद अकेला ही रहता था। वहीं अनुमान लगाया जा रहा है कि कमरे में हीटर जला हुआ था और हीटर से कमरे में आग भड़क गई।

जिस कारण व्यक्ति ईश्वर चंद की मौके पर ही मौत हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और उन्होंने आग पर काबू पाया।

### पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक का शव : डीएसपी

**डीएसपी** मनाली, केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि जयचंद के घर 05 मंजिला के मकान के सबसे नीचे वाली मंजिल में आग लगी। पुलिस और अग्निशमन विभाग इस दिशा में जांच कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा मृतक व्यक्ति के शव को कब्जे में ले लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान ईश्वर चन्द पुत्र स्व. जयचन्द निवासी नजद गंधारा होटल मनाली जिला कुल्लू के रूप में हुई है।

## एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी सम्मानित



**कुल्लू।** लाहौल-स्पीति जिला पुलिस ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जनजातीय जिलों की रैंकिंग 2023 में राज्य के जनजातीय जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी को अवार्ड देकर सम्मानित करते हुए सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू व उनके साथ अन्य मंत्री व गणमान्य लोग। उधर, एसपी मयंक चौधरी ने इसके धन्यवाद व्यक्त किया है और बताया कि जिला पुलिस के सामूहिक प्रयासों, कुशल सेवा, जनकल्याण और समग्र विकास सुनिश्चित करने की भावना के चलते ही यह सम्मान मिला है। उन्होंने बताया कि जिला लाहौल-स्पीति पुलिस के लिए यह गर्व का क्षण है।

## आनी खंड के दो प्रधानों को गणतंत्र दिवस पर मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

आनी विकास खंड की ग्राम पंचायत बैहना और ग्राम पंचायत दलाश के प्रधानों को गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली के राजपथ में होने वाली परेड में शामिल होने का न्यौता दिया गया। जिला पंचायत अधिकारी कुल्लू दया राम ने बताया कि उन्हें यह सम्मान केंद्र सरकार की सभी विकासात्मक योजनाओं को पूर्णतया लागू करने में दिया जा रहा है।

ग्राम पंचायत बैहना के प्रधान विनोद ठाकुर और ग्राम पंचायत दलाश के प्रधान सत्येंद्र कुमार शर्मा को विशेष न्यौता केंद्र सरकार के पंचायती राज मंत्रालय की ओर से भेजा गया है। जिले के लिए गौरव की बात है कि दोनों प्रधानों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।(अनंत ज्ञान)



विनोद ठाकुर और सत्येंद्र शर्मा।

## कुल्लवी नाटी में पुरातन संस्कृति के संरक्षण का दिया संदेश

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

**पारंपरिक वेशभूषा में थिरके 800 महिलाओं के कदम**



विंटर कार्निवाल के पांचवे दिन मालरोड मनाली में पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने महानाटी में भाग लिया। इस मौके पर राइट बैंक के राइट बैंक के 95 महिला मंडलों की लगभग 800 महिलाओं ने कुल्लूवी परिधान में सामूहिक नाटी डाली तो पर्यटक भी थिरक उठे। पारंपरिक कुल्लवी नाटी प्रतियोगिता राष्ट्र स्तरीय कार्निवाल के पांचवे दिन शनिवार को माल रोड में आकर्षण का केंद्र रही। महानाटी में 95 महिला मंडलों की सदस्यों ने भाग लिया।

वहीं विधायक भुवनेश्वर गौड़, अनुराधा राणा, उपायुक्त तोरुल एस रविश ने महिलाओं के साथ कदम से कदम मिलाए। इसके बाद विनय कुमार लाहौल के लिए रवाना हुए। वह 26 जनवरी को केलांग में राष्ट्रीय ध्वज लहराएंगे।

### पंजाबी गायक शिवजोत ने नचाए पर्यटक

**चौथी** सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी गायक शिवजोत सिंह ने पंजाबी गाने पेश कर दर्शकों को नचाया। कलाकार डिंपल ठाकुर, खुशबू भारद्वाज और इंद्रजीत ने पहाड़ी गानों से दर्शकों को झूमने पर विवश किया। इस सांस्कृतिक संध्या में लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा मुख्यातिथि रही।

**फैशन** शरद सुंदरी बनने के लिए रैंप पर 20 युवतियों ने दिखाए फैशन के जलवे

# भारतीय परिधान में रैंप पर उतरी सुंदरियां

**एम बोकटापा, मनाली**

राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के चौथे दिन शरद सुंदरी प्रतियोगिता का दूसरा राउंड आकर्षण का केंद्र रहा। दूसरा राउंड भारतीय परिधान पर आधारित रहा। प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागी भारत के विभिन्न राज्यों से संबंधित पारंपरिक परिधान पहनकर रैंप पर उतरीं। शनिवार देर रात इस प्रतियोगिता का फिनाले होगा जिसमें पहले सभी प्रतिभागी मंच पर आएंगी, जिसमें टॉप टेन का चयन किया जाएगा। इसके बाद टॉप 5 के बीच टक्कर होगी।

वहीं, सर्द फिजाओं के बीच मनु रंगशाला के मंच पर सुंदरियां कैटवॉक करते हुए उतरीं तो दर्शक दीर्घा सीटियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी। सभी प्रतिभागी भारतीय संस्कृति से जुड़े पारंपरिक परिधान पहनकर रैंप पर उतरीं।

कुल्लू का मशहूर पट्टू हो या चंबा का पारंपरिक परिधान सभी यहां एक मंच पर दिखे। ग्रूमर दिव्यांगना मेहता ने बताया कि शरदसुंदरी प्रतियोगिता का दूसरा राउंड ट्रैडिशन थीम पर आधारित रहा। शनिवार को प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले होगा।(अनंत ज्ञान)



**इन्होंने किया कैटवॉक**

**दूसरे** राउंड में आदिती नेगी, अमीषा ठाकुर, निशा ठाकुर,अनीता, हिमानी खन्ना, इशिता राणा, कमल प्रीत कौर, महिमा कटोच, पल्लवी चौहान, कृतिका, साधना संदली,मीनाक्षी शर्मा, शिवाली ठाकुर, श्रद्धा डोगरा, सृष्टि, श्वेता, स्नेहा, सुहानी कटोच, तनिष्का ,वंशिता मेहता ने मनुरंगशाला के मंच पर कैटवॉक किया।



# एचएएस अंकुश के सम्मान में निरमंड हुआ भावुक

**अनंत ज्ञान, आनी**

एचएचएस बनकर अपने पिता के अधूरे सपने को साकार करने वाले कुल्लू जिला के निरमंड के रहने वाले अंकुश कुमार को शनिवार को उनके पैतृक गांव निरमंड के लोगों ने सिर आंखों पर बिठाया। अंकुश कुमार का ढोल नगाड़ों की थाप पर स्वागत किया गया। अंकुश के सम्मान में निरमंड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निरमंड की नगर पंचायत, व्यापार मंडल, पंचायत प्रधानों, सेवानिवृत्त पेंशनर संघ, निरमंड के लोगों और अंकुश के परिवार के सदस्यों ने मिलकर आयोजित किया।

अंकुश कुमार को निरमंड बस स्टैंड से लेकर आयोजन स्थल रामलीला मैदान तक जय जय के नारों के साथ पहुंचाया गया।



### अंकुश ने जताया आभार

**एचएएस** अंकुश कुमार इतना प्यार पाकर भावुक हुए और उन्होंने सभी का आभार जताया और युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि अगर कोई भी बच्चा सरकारी नौकरी की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए उनका सहयोग चाहता है तो वे हर समय तैयार हैं। फिर चाहे नोट्स चाहिए, व्यक्ति परामर्श चाहिए या फिर किसी भी प्रकार का मार्गदर्शन चाहिए। युवाओं को नशे से दूर रहने का भी संदेश दिया।

### विधायक लोकेंद्र कुमार ने दी बधाई

समारोह समापन के बाद आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार भी एचएएस अंकुश कुमार और उनके परिवार को बधाई देने उनके घर पहुंचे। इस अभिनंदन समारोह के दौरान अंकुश कुमार की दादी चरण दासी, पिता अशोक कुमार, माता कुसुमलता, बहन स्वाति के अलावा ताया, ताई, मामा मामी और परिवार के कई अन्य सदस्य भी साथ में थे।

# गणतंत्र दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



मुकेश अग्निहोत्री उप मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश | वीरेंद्र कंवर पूर्व मंत्री हिमाचल प्रदेश | सुदर्शन बबलू विधायक चिंतपूर्णी | राकेश कालिया विधायक गगरेट | सतपाल सत्ती विधायक ऊना सदर | विवेक शर्मा विधायक कुटलैहड़ | जतिन लाल उपायुक्त ऊना | राकेश सिंह एसपी ऊना | अजय ठाकुर डीएसपी ऊना



इंद्रजीत सिंह समाज सेवी ऊना | प्रिंस राजपूत अध्यक्ष सनातन धर्म सभा ऊना | संजय संख्यान सचिव रेड क्रॉस सोसायटी ऊना | डॉ वीके बग्गा परियोजना निदेशक आतमा ऊना | देवेंद्र कुमार शर्मा एमडी रुद्रा कम्युनिकेशन जस्सल मार्केट ऊना | निरंजन सिंह एमडी हिम ग्लास हाउस ऊना | बलदेव सिंह समाज सेवी सिटी लालसिंगी ऊना | अनुज वशिष्ट एमडी वीपीएस स्कूल ऊना | डॉ एसके नंदा वरिष्ठ सर्जन ऊना | डॉ विजय डोगरा सदस्य अनुसूचित जाति आयोग

HAPPY Republic Day

## आभार



राजेश शर्मा जिला प्रभारी ऊना मो. 9816396500

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।



राजेश ठाकुर पत्रकार बंगाणा मो. 9817158247 | विवेक शर्मा पत्रकार अम्ब | लविश शर्मा पत्रकार जोल | गुरदेव कुमार पत्रकार गोंदपुर बनेहड़ा | आशीष शर्मा गोंदपुर बनेहड़ा | राकेश कुमार पत्रकार दौलतपुर चौक


ANAND RAJ MALIK HOSPITAL
& PARAMEDICAL INSTITUTE MEHATPUR DISTT. UNA (H.P.)




प्रबंध निदेशक डॉ कोमल मालिक 8544797498

गणतंत्र दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



अजय ठाकुर गगरेट ब्लॉक अध्यक्ष | चैतन्य शर्मा पूर्व विधायक | नितिन लंबरदार ब्लॉक अध्यक्ष

गणतंत्र दिवस HAPPY REPUBLIC DAY



HAPPY Republic Day

लक्ष्मी जरियाल
भाजपा अभिनेत्री गगरेट विधान सभा क्षेत्र

महा देव पब्लिक
सीनियर सैकंडरी स्कूल दौलतपुर चौक
की तरफ से
गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




Mamta Sharma Chairperson | Swastik Sharma Prabandhak | Anmol Sharma Prabandhak

गणतंत्र दिवस 26th JANUARY
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



चैतन्य शर्मा
पूर्व विधायक गगरेट विधानसभा क्षेत्र

गणतंत्र दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Vijay Sarees & Ethic Wears
Lehenga, Sarees, Gown, Kurtis, Bridal Studio
Vijay Handloom
Bed Linens, Blankets, Furnishings, Mattresses, Curtains, Blinds



Near, S.B.I. (LIC) Nangal Road, Una
Mob. 94185-38371, 94184-66650, 94182-96938
Vijayhandloomuna

HAPPY Republic Day



जैन एंड संस हमीरपुर रोड ऊना हिमाचल प्रदेश

अजय हेल्थकेयर दवाईयां



की ओर से सभी प्रदेश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
लाइफ सेविंग दवाईयां | मधुमेह/कैंसर की दवाईयां
शल्य चिकित्सा उपकरण | सभी तरह के चिकित्सा उपकरण
यहाँ PGI, IGMC, TANDA हॉस्पिटल की दवाईयाँ मिलती हैं
Lower Ground Floor, Kamla Complex, Hamirpur Road
Una (H.P.) 174303, Email: ajayhealthcare8@gmail.com
7087432364, 8699005364

गणतंत्र दिवस 26th JANUARY
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ एसके नंदा (वरिष्ठ सर्जन ऊना) | प्रिंस राजपूत (अध्यक्ष सनातन धर्म सभा ऊना) | डॉ. केआर आर्य (एमडी आर्य हॉस्पिटल मैहतपुर ऊना)

देवेंद्र शर्मा (रुद्रा कम्युनिकेशन जस्सल मार्केट ऊना) 9805949401 | अनिल ठाकुर (व्यवसायी एवं किसान ऊना) | करण सिंह ठाकुर (अभिषेक स्टील ऊना)8894599712 | अमरीक सिंह पूर्व प्रधान अरनियाला अप्पर ऊना | अरुण सिंह ठाकुर (महादेव ट्रैक्टर्स अजनौली ऊना) 9882800022

Since 2015
गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. आशीष शर्मा

Dr. Ashish Sharma
DCH MD Pediatrics (Gold Medalist)
Ex-Senior Resident IGMC Shimla
CHILD AND NEWBORN SPECIALIST
Sri Krishna
CHILDREN HOSPITAL




Una- Nangal Road, Near D.A.V. Cent. School, Distt. Una (H.P.)
Mob. 9418013580, 9817011558, E-mail: shalyaashish@gmail.com


DISTRICT RED CROSS SOCIETY UNA (H.P.)

# गणतंत्र दिवस

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

Samarthya सामर्थ्य Together we achieve

## कार्यालय उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला रैडक्रॉस सोसाइटी ऊना, जिला ऊना (हि.प्र.)

जिला प्रशासन ऊना द्वारा जिला रैड कॉस सोसाईटी के माध्यम से शुरू की गई सामर्थ्य योजना के तहत गरीब परिवारों को निम्न आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है:-

| क0 | योजना का नाम | अधिकतम आर्थिक सहायता | योजना का व्यौरा |
|---|---|---|---|
| 1 | उच्च शिक्षा(Higher Study) के लिए आर्थिक सहायता | 02 लाख रू0 तक | इस योजना के तहत गरीव परिवारों की लडकियां जिनके पिता जीवित नहीं हैं या 60 प्रतिशत तक अपंग हैं, परिवार की वार्षिक आय 60000 रू0 से कम है तथा अन्य किसी योजना से लाभ नहीं लिया हो, उन लड़कियों को उच्च शिक्षा , UPSC, NEET व Army आदि की तैयारी के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। |
| 2 | UPSC की तैयारी के लिए आर्थिक सहायता | 01 लाख रू0 तक | |
| 3 | NEET की तैयारी के लिए आर्थिक सहायता | 01 लाख तक | |
| 4 | लडकी की शादि के लिए आर्थिक सहायता | 01 लाख रू0 तक | |
| 5 | Army की तैयारी के लिए आर्थिक सहायता | 25000 रू0 तक | यह योजना गरीव परिवार के लडकियों एवं लडको जिनके पिता जीवित नहीं हैं या 60 प्रतिशत तक अपंग हैं, परिवार की वार्षिक आय 60000 रू0 से कम है। |
| 6 | बीमारी पर हुए खर्च पर आर्थिक सहायता | 50000 रू0 तक | इस योजना के तहत गरीव परिवारों जिनकी वार्षिक आय 60000 रू0 से कम है को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। |
| 7 | Self defence का प्रशिक्षण | निशुल्क | प्रत्येक कॉलेज में लडकियों एवं महिलाओं को Self defence का प्रशिक्षण निशुल्क दिया जा रहा है। |
| 8 | 07 दिवसीय योग शिविर | निशुल्क | प्रत्येक पंचायत में 07 दिवसीय निशुल्क योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। |

सचिव, जिला रैड क्रॉस सोसाईटी ऊना जिला ऊना (हि. प्र.)

## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार।

कमलेश वर्मा (परी)
प्रभारी
कुल्लू एवं लाहुल स्पीति
मो. 97360-75360
86298-97600

मोहन कपूर
प्रतिनिधि
पतलीकूहल
मो. 97365-06900

गणतंत्र दिवस
26TH JANUARY

गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

दिनेश सेन
अध्यक्ष सूत्रधार कला संगम कुल्लू

गणतंत्र दिवस
Happy Republic Day
26 JANUARY

## कुल्लू फलोत्पादक एवं प्रदायक मंडल

की ओर से सभी किसानों और बागवानों को

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

महेंद्र उपाध्याय
अध्यक्ष फलोत्पादक एवं प्रदायक मंडल कुल्लू

राजीव ठाकुर
महासचिव फलोत्पादक एवं प्रदायक मंडल कुल्लू

मोबाइल -9736240129 ईमेल -kpmkullu@gmail.com

सभी देश व प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं

जयराम ठाकुर
पूर्व मुख्यमंत्री
हिमाचल प्रदेश

सुरेंद्र शौरी
विधायक
बंजार विधानसभा क्षेत्र

गणतंत्र दिवस
Happy Republic Day
26 JANUARY

## जलशक्ति विभाग कटराईं मंडल

की ओर से देश व प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

HAPPY Republic Day

अरुण शर्मा
अधिशासी अभियंता
जलशक्ति विभाग
कटराईं मंडल जिला कुल्लू

LET'S SAVE THE WATER TOGETHER

## हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ

की ओर से देश व प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

एलआर गुलशन
प्रदेशाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश पेंशन भोगी संघ

खुशाल नेगी
प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महासचिव
भूंतर खंड, पेंशन भोगी

दयाल सिंह ठाकुर
अध्यक्ष जिला कुल्लू
पेंशन भोगी संघ

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## JAMDAGNI ROLLER FLOUR MILLS

Deals in:
Atta, Maida,
Superfine Atta,
Chakki Mahili Atta,
Suji Chokar,
Tpds Atta

Late Sh. Tejwant Sharma
Soul of JRFM

Vill. Mahili, Teh. & Distt.
Kullu (H.P.) 175129
Ph. 01902 240147, 240447
Mob. 97361 71719
Email: jamdagnirollermills@gmail.com

गणतंत्र दिवस
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

भीम कटोच
प्रधानाचार्य
लाल चंद कौंड़ा पिडमॉन्ट स्कूल भूंतर

## क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज ढालपुर

की ओर से सभी देश एवं प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं



26 जनवरी 1950 को हमारे देश को स्वाधीनता मिली थी और हमारा संविधान लागू हुआ था,ऐसे में 26 जनवरी का दिन देश की आजादी के रूप में मनाया जाता है। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज कुल्लू की ओर से आपको गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज कुल्लू में जीनएम कोर्स वर्ष 2011 और बीएसएस नर्सिंग कोर्स की शुरुआत 2018 में की गई थी। यह कोर्स हिमाचल प्रदेश नर्स पंजीकरण परिषद - हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा विधिवत अनुमोदित और मान्यता प्राप्त है और भारतीय नर्सिंग परिषद - भारत सरकार द्वारा भी अनुमोदित और मान्यता प्राप्त है, यह कॉलेज हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय- शिमला से संबद्ध है और अटल मेडिकल एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय मंडी से अनुमोदित है। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज चूंकि टेक्नो-मेडिकल वेलफेयर सोसाइटी ढालपुर कुल्लू सोसाइटी के पंजीकरण XXI, 1860 अधिनियम के तहत एक विधिवत पंजीकृत संगठन है। पाठ्यक्रम मुख्य रूप से नर्सिंग छात्रों को पेशेवर देखभाल करने वालों के रूप में विकसित करने पर केंद्रित है। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, ढालपुर कुल्लू, हिमाचल प्रदेश शहर के केंद्र में स्थित है और सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ एक अच्छी तरह से संरचित इमारत में स्थित है। यह केंद्र में स्थित है, जिसमें एक आकर्षक और आकर्षक परिसर और सुंदर दृश्य आदि हैं। संस्थान को उत्कृष्ट और समर्पित सेवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा कई बार सम्मानित किया गया है। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज बच्चों को छात्रवृत्ति भी प्रदान करता है और साथ ही साथ कोर्स समाप्त होने के बाद छात्राओं की प्लेसमेंट विभिन्न मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में की जाती है और साथ ही साथ बच्चों को फॉरेन जाकर काम करने का मौका भी दिया जाता है। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज अपने स्टूडेंट्स को क्लिकल पोस्टिंग के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू भेजता हैद्य

### मुख्य विशेषताएं

- छात्रावास
- लड़कियों का छात्रावास
- कैंटीन
- पुस्तकालय
- कॉलेज बस
- वाईफाई
- सभागार
- प्रयोगशालाएं
- मेडिकल उपकरण

क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज हेड पोस्ट ऑफिस के पास, ढालपुर कुल्लू (हिमाचल प्रदेश)-175101
फोन: 01902-224639, 9418008888, ईमेल: christia ıi ıstitutio ı@g nail.co ı, वेबसाइट: www.c ıckullu.co ı

गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## DEV DHAM Restaurant & Bar

Contact for: All type of conference Parties & Adventure Sports

Vill. Bashing P.O. Babeli, Kullu (H.P.)
Mob. 97365-90739, 98161-36945

## प्राइवेट बस आपरेटर यूनियन जिला कुल्लू

की तरफ से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रजत जम्वाल
प्रधान

विनय गोयल
महामंत्री

## गणतंत्र दिवस

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## Hotel Piccadily Manali



# गणतंत्र दिवस
## की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**आभार**

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

शुभम राही
जिला प्रभारी, बिलासपुर

नीरज शर्मा
स्टाफ रिपोर्टर (घुमारवीं)

निक्कू राम
बरठीं रिपोर्टर

गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
विजय कुमार
युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता

गणतंत्र दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Gian Sweets Shop
GIAN SWEETS
Near Bus Stand Ghumarwin, Mob.9816013208,9418454308

गणतंत्र दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
INDIAN'S CAREER DEFENCE ACADEMY BILASPUR (HP)
ADMISSION OPEN (BOYS/GIRLS)
"Come & Serve The Nation"
For Army/Polic/Airforce/Navy/ All Para Foces/ Forest Guard
HP Best Academy Over 1100 Successful Student in Last 10 Years
Best in Ground Test/Wirtten Test (Hostel Facility)
इंडियन करियर डिफेन्स अकादमी के प्रशिक्षु व स्टाफ माननीय मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर के साथ
इंडियन करियर डिफेन्स अकादमी के प्रशिक्षु ग्राउंड में प्रेक्टिस करते हुए
ICDA is number one coaching institute for defence forces. We have given more than 1100 selection in defence forces till now. ICDA established in the year 2008 and headed by Ex- Serviceman B.S. Datwalia
इंडियन करियर डिफेन्स अकादमी के प्रशिक्षु रिटन की तैयारी करते हुए
इंडियन करियर डिफेन्स अकादमी के चयनित हुए प्रशिक्षु
Harish Shurya
Coach
Manoj Chandel
MD ICDA
CONTACT: 98162-43462, 91296-91000, 98160-62124

गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मस्त राम चौहान
सहायक अभियंता
जल शक्ति विभाग
घुमारवीं

गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
महेंद्र धर्माणी
संस्थापक संस्कार
सोसाइटी घुमारवीं

गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश पटियाल
जिला प्रधान, प्राइवेट बस
यूनियन बिलासपुर

गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सतीश शर्मा
प्रधान
ग्राम पंचायत
बंदला

Rajnish Sharma
Director of Soft Brain Information Technology
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों
को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
SBIT Computer Centre
Our Branches : - (1) Ghumarwin, Above, Shyam Medical Store
(2) Bilaspur Near College Chowk Mob. 9418086024

गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
बलदेव राज
प्रदेश प्रवक्ता
आम आदमी पार्टी

गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Mob. 70182 07631, 70183 12738
KHUSHBU
MAKE OVER STUDIO
Bilaspur City Kosariya Ward

गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
पानी बचाओ पानी आपको बचाएगा
ई. सतीश शर्मा
अधिशाषी
अभियंता
जल शक्ति
विभाग
बिलासपुर

HAPPY Republic Day
विवेक कुमार
कांग्रेस नेता
झंडूता

गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
परवेश चंदेल
राकेश चंदेल
संस्थापक व सयोंजक मिनर्वा शिक्षण संस्थान

गणतंत्र दिवस की समस्त
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
भारद्वाज ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल बरठीं
Near PWD Office Berthin Teh. Jhandutta, Distt. Bilapur (H.P.)
98572-11115, 70183-18058, 88940-94523

गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
पीएस कटवाल
प्राचार्य
बिलासपुर कॉलेज

गणतंत्र दिवस
26th JANUARY
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रजनीश मेहता
पूर्व उपाध्यक्ष
हिमाचल युवा कांग्रेस

गणतंत्र दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाएं
असंक्रामक रोगों से बचें
(असंक्रामक रोग जैसे कि कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मानसिक रोग आदि)

| मुख्य जोखिम पूर्ण कारक | बचाव |
|---|---|
| | तम्बाकू का किसी भी रूप में सेवन हानिकारक है। अतः तम्बाकू का सेवन न करें और न ही किसी को करने दें। |
| | शराब स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। अतः इसका सेवन बिल्कुल न करें। |
| | प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट तक लगातार व्यायाम करें और अपना वजन संतुलित रखें। |
| | रोज कम से कम दो बार फल एवं सब्जियों का सेवन करें। सादा भोजन लें जिसमें नमक, चीनी, तेल व मसाला कम हो। |

मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर

## न्यूज ब्रीफ

### राजेश धर्माणी आज सोलन प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी 26 जनवरी को सोलन जिले के प्रवास पर रहेंगे। धर्माणी 26 को प्रातः 10.40 बजे सोलन के शहीद स्मारक पर देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीरों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के उपरांत सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

### विधानसभा उपाध्यक्ष सिरमौर प्रवास पर 28 से

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 28 व 29 जनवरी को जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन कर जनता को समर्पित करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि विधानसभा उपाध्यक्ष 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे, लाना पालर में आयोजित हो रही क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे तथा विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। 29 को भौंण कडियाना में प्रातः 11 बजे राजकीय माध्यमिक पाठशाला भौंण व पंचायत घर भौंण कडियाना के नए बने भवन का लोकार्पण करेंगे तथा जनसमस्याएं भी सुनेंगे।

### संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा: राकेश

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** भारतीय जनता पार्टी दाड़लाघाट मंडल द्वारा 'संविधान गौरव दिवस' के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य भारतीय संविधान के मूल्यों, आदर्शों और इसकी ऐतिहासिक विरासत को सम्मान देना था। बैठक का शुभारंभ भारत माता और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बैठक की अध्यक्षता की और संविधान की महत्ता पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है, जो हमें समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों का पालन करने की प्रेरणा देता है।

### नौहराधार में चिट्टे की तस्करी करते 3 काबू

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सिरमौर जिले के तहसील मुख्यालय नौहराधार के समीप संगड़ाह पुलिस ने चिट्टे सहित 3 युवकों को धर दबोचा है। पुलिस के अनुसार नौहराधार के ओम प्रकाश पुत्र बलदेव सिंह, कुलदीप उर्फ मांटा पुत्र भूपेंद्र सिंह तथा आशीष पुत्र भीम सिंह गांव चौकर तहसील नौहराधार के खिलाफ संगड़ाह थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। इन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस के अनुसार शुक्रवार देर शाम को पेट्रोल पंप (छिनाड़ी) नौहराधार के पास उनकी गाड़ी से 3 सिल्वर फोइल पेपर व एक प्लास्टिक की पुड़िया में रखा 2.57 ग्राम चिट्टा अथवा हीरोइन बरामद की।

### डिसेंट चिल्ड्रन स्कूल में मनाया हिमाचल दिवस

**अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल के प्राइवेट स्कूल डिसेंट चिल्ड्रन मॉडल स्कूल बखालग में हिमाचल दिवस व गणतंत्र दिवस मनाया गया। समारोह की शुरुआत गणेश वंदना से की। कार्यक्रम के मुख्यातिथि मोहन लाल शर्मा व विशिष्ट अतिथि अनुज गुप्ता रहे। इस मौके पर प्रधानाचार्य आनंद दुबे ने स्कूल उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। स्टूडेंट्स द्वारा राष्ट्र भक्ति गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अर्की क्षेत्र की नामी व्यक्ति व संस्थाओं के साथ एक्स सर्विसमैन लीग इकाई अर्की के सदस्यों को स्कूल प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया।

### बज्रेश्वरी क्रिकेट क्लब गेहल ने जीता फाइनल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला के शिलाई उपमंडल में डाहर गांव में आयोजित 10 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न हो गई। नवयुवक मंडल डाहर-केलवी द्वारा आयोजित हाटी क्रिकेट चैंपियनशिप का फाइनल मां बज्रेश्वरी क्रिकेट क्लब गेहल व शिरगुल क्लब सैल के बीच खेला गया, जिसमें मां बज्रेश्वरी क्रिकेट क्लब गेहल विजेता बना। विजेता टीम को 121000 रुपए तथा उपविजेता टीम को 55000 रुपए पुरस्कार प्रदान किया गया तीसरे स्थान पर जलउ-11 देवनल की टीम को 11000 रुपए प्रदान किए। मुख्यातिथि के रूप में कसौली विधानसभा के युवा विधायक विनोद सुल्तानपुरी मौजूद रहे, जिन्होंने नवयुवक मंडल डाहर-केलवी को 111000 रुपए प्रदान किए।

### गणतंत्र दिवस पर होगी रेस टू तिरंगा साइकिल रेस

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पहाड़ी पैडलर्स द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को त्रिपीक्स ब्रिगेड, भारतीय सेना के सहयोग से 'रेस टू तिरंगा' साइकिल रेस का आयोजन कर रहा है। यह साइकिल रेस पृथी मिलिट्री स्टेशन, अवरीपट्टी, रामपुर बुशहर (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित होगी। भारतीय सेना के अधिकारी इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। रेस के दौरान प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। रेस में विभिन्न श्रेणियों में देशभर से 60 प्रतिभागियों को शामिल किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जूनियर, सीनियर और मास्टर श्रेणियां सम्मिलित हैं।

# मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूर डालें वोट : डीसी

## 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर युवा मतदाता सूची में पंजीकृत करवाएं अपना नाम

**अनंत ज्ञान, नाहन**



मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक व्यस्क व्यक्ति को अनिवार्य रूप से वोट डालना चाहिए जो कि प्रत्येक मतदाता का संवैधानिक अधिकार व नैतिक कर्तव्य है। यह बात कार्यवाहक उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एलआर वर्मा ने शनिवार को उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में आयोजित 15वें जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष पर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए की।

उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं को अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करवाना चाहिए और किसी भी चुनाव के दौरान अपना अधिकार समझते हुए अवश्य वोट डालना चाहिए ताकि सशक्त सरकार के गठन से लोकतंत्र की नीव को मजबूत किया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई जिसके पश्चात मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग राजीव कुमार का मतदाताओं के नाम संदेश व लघु फिल्म प्रदर्शित की गई, जिसमें उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान 64 करोड़ 64 लाख मतदाताओं ने अपना मतदान करके विश्व कीर्तिमान स्थापित किया।

इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं की भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नाहन तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नाहन के छात्र व छात्राओं ने भाग लिया जिन्हें मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कृत करने के अतिरिक्त नए पंजीकृत मतदाताओं को फोटो युक्त पहचान पत्र भी प्रदान किए गए।

नायब तहसीलदार निर्वाचन दिवान ठाकुर ने मुख्यातिथि को शॉल-टोपी भेंट की तथा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अधीक्षक निर्वाचन तेजेंद्र ठाकुर, निर्वाचन कानूनगो हरि शर्मा व अन्य उपस्थित थे।

# 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना कार्यक्रम तक न रहे सीमित : अजय

**अनंत ज्ञान, नाहन**

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला मुख्यालय नाहन में शनिवार को 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें नाहन के कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास द्वारा मौजूद लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस दौरान इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना की लाभार्थियों को पात्रता पत्र भी वितरण किए गए और खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट करने वाली बेटियों का सम्मान करने के साथ साथ 3 नवजात बेटियों को भी सम्मानित किया गया। मीडिया से बात करते विधायक ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई दी और कहा कि आज बेटियां समाज में किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में अभी और बेहतर कार्य जमीनी स्तर पर करने की आवश्यकता है, ताकि लिंगानुपात में और सुधार हो सके। साल 2008 में महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा आरंभ किया गया। यह दिवस लड़कियों को सशक्त बनाने और उन्हें लैंगिक भेदभाव से मुक्त वातावरण प्रदान करने की दिशा में जागरुकता बढ़ाने का काम करता है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर नाटक, स्लोगन राइटिंग और भाषण प्रतियोगिताएं करवाई गईं तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर भारत भूषण, राकेश गर्ग, मदन सूर्यवंशी आदि उपस्थित थे।

# पूरे करें रुके कार्य : मेयर उषा

**अनंत ज्ञान, सोलन**



नगर निगम की समीक्षा बैठक में उपस्थित मेयर, डिप्टी मेयर व अन्य।

नगर निगम सोलन के जनरल हाउस की तैयारियां को लेकर मेयर उषा शर्मा की अध्यक्षता में तकनीकी स्टाफ के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें डिप्टी मेयर मीरा आनंद, संयुक्त आयुक्त बिमला वर्मा और तकनीकी सलाहकार दिनेश कश्यप विशेष रूप से उपस्थित हुए।

बैठक में मेयर ने टेक्निकल स्टाफ से जनवरी 2023 से अब तक 17 वार्डों में हुए विकास के कार्यों की फीडबैक ली और समीक्षा की गई या टेक्निकल स्टाफ को आगामी कार्यों को करने के लिए रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए गए। मेयर ने रुके हुए कार्यों के कारणों को समझा और शुरू हो चुके कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीओ अल्पना ठाकुर, एसडीओ गोपी सिंह, जेई ठाकुर सिंह, कोमल, अक्षय आदि ने भी भाग लिया। जानकारी के मुताबिक 2023 से लेकर अब तक नगर निगम में 472 विकास कार्यों के टेंडर हुए। जिसमें से 418 का आबंटन हुआ है। इसमें से अभी तक 342 कार्य ही पूरे हुए हैं। 24 कार्य प्रगति पर हैं।

### हर्षवर्धन चौहान आज से सिरमौर प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 26 से 28 जनवरी तक जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उद्योग मंत्री 26 को नाहन चौगान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। 27 को शिलाई विधानसभा के बालीकोटी में दोपहर 12 बजे जनसमस्याएं सुनेंगे तथा 28 को प्रातः 10 बजे लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह शिलाई में जन समस्याएं सुनने के उपरांत दोपहर 2.30 बजे कांडो भटनोल में आयोजित होने वाली 9वी प्रो-कब्बड्डी खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्यातिथि होंगे।

# स्वस्थ लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी जरूरी

**अनंत ज्ञान, सोलन**



उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए पात्र नागरिक मतदाताओं का पंजीकरण अत्यन्त आवश्यक है। मनमोहन शर्मा आज यहां 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने जिला वासियों को पूर्ण राज्यत्व दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 25 जनवरी प्रदेश के लिए बेहद गौरवमयी दिन है। एक ओर जहां 25 जनवरी, 1971 के दिन प्रदेश को पूर्ण राज्यत्व का दर्जा हासिल हुआ। वहीं, दूसरी ओर मजबूत लोकतंत्र की पहचान के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस भी 25 जनवरी को ही आयोजित किया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि यह दिवस भारतीय निर्वाचन आयोग का स्थापना दिवस भी है। उन्होंने कहा कि जो युवा 18 वर्ष के हो चुके हैं को आगे आकर सबसे पहले अपना मतदाता पहचान पत्र बनाना चाहिए। उपायुक्त ने मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त के संदेश का प्रसारण भी किया गया। बूथ स्तर अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

### दशमेश रोटी बैंक ने जरूरतमंदों को राशन किया वितरित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** दशमेश सेवा सोसायटी द्वारा संचालित दशमेश रोटी बैंक ने जिला सिरमौर के आधा दर्जन गांवों में पहुंचकर करीब 80 जरूरतमंद परिवारों को एक महीने का राशन, कंबल और गर्म कपड़े बांटे। बैंक के अध्यक्ष सर्बजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने घुंगलों, पडदुनी, पल्होडी, नलका समेत अन्य गांवों में पहले जरूरतमंद परिवारों का सर्वे किया उसके बाद राशन वितरित किया गया। बैंक पिछले 7 वर्षों से जिला के ग्रामीण इलाकों में जरूरतमंदों की मदद के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचकर उनकी जरूरतों को पूरा करना है। उन्होंने लोगों से भी जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।

# मनरेगा मजदूरों को प्रदेश सरकार से नहीं मिल रहा बजट : संघ

**अनंत ज्ञान, सराहां**

प्रधान-उपप्रधान संघ के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने सराहां में पत्रकार वार्ता में कहा कि मनरेगा मजदूरों को जो वेतन सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है, उसमें पिछले दो महीनों से जो केंद्र सरकार द्वारा बजट दिया जाता है, वह तो आया है परंतु जो प्रदेश सरकार द्वारा बजट दिया जाता है। वह मजदूरों को नहीं मिल रहा है। जिस कारण प्रतिदिन मजदूर पंचायत घरों के चक्कर काट रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी 300 रुपए निर्धारित की गई है, जिसमें 236 रुपए केंद्र सरकार द्वारा दिए जाते हैं व 64 रुपए प्रदेश सरकार द्वारा दिहाड़ी दी जाती है, परंतु पिछले दो महीनों से केंद्र द्वारा दी जाने वाली दिहाड़ी तो मजदूर को आ रही है, पर प्रदेश सरकार के पैसे मजदूरों के खाते में नहीं आ रहे हैं, जिस कारण मजदूर परेशान हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री व पंचायतीराज मंत्री से आग्रह किया कि शीघ्र ही मजदूरों को पूरी दिहाड़ी उपलब्ध करवाई जाए व जो विधायक निधि का पैसा ट्रेजरी के माध्यम से नहीं दिया जा रहा है उसे भी रिलीज करवाया जाए।




### सड़क सुरक्षा को लेकर छात्रों ने निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सैनवाला मे रोड सेफ्टी क्लब द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले की आरटीओ सोना चौहान ने शिरकत की। शिविर के तहत स्कूली छात्रों ने विद्यालय परिसर से माता भद्रकाली मंदिर सैनवाला तक जागरूकता रैली निकली। आरटीओ ने कहा कि हमें इन नियमों व अधिनियमों का पालन करना चाहिए।

### हनुमान बड़ोग में भूमि पंजीकरण केवाईसी में आ रही दिक्कतें

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट सब तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत हनुमान बड़ोग में राजस्व विभाग द्वारा भूमि पंजीकरण केवाईसी की जा रही है, लेकिन इस प्रक्रिया में कई लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या यह है कि राजस्व विभाग के कर्मचारियों के पास आई सूची में कई लोगों के नाम दर्ज नहीं हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उनके पास जमाबंदी और अन्य रिकार्ड मौजूद हैं, लेकिन पटवारी के पास आई लिस्ट में उनके नाम नहीं है। उन्होंने उपतहसील दाड़लाघाट के कार्यालय में भी इस समस्या के बारे में बात की, लेकिन वहां बताया गया कि यह समस्या पूरे प्रदेश में आ रही है और जल्दी ही इसका समाधान करने की कोशिश की जा रही है। ग्रामीणों ने हिमाचल सरकार से मांग की है कि इस समस्या से उन्हें निजात दिलाई जाए।




## स्पोर्ट्स विंडो

### खो-खो नेशनल में रेफरी की भूमिका में नजर आएंगे चुनी लाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उत्तराखंड राज्य के हल्द्वानी शहर में आयोजित हो रही 39वीं नेशनल गेम्स में जुखाला के चुनी लाल



ठाकुर का चयन राष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी के रूप में हुआ है । यह खेल 28 जनवरी से 2 फरवरी तक आयोजित होगी। चुनी लाल का चयन इस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में खो-खो स्पर्धा हेतु हुआ है । खो -खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव एमएस त्यागी ने आधिकारिक पत्र जारी कर उनके चयन की पुष्टि की है। चुनी लाल हिमाचल प्रदेश से इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता हेतु चयनित होने वाले एकमात्र तकनीकी अधिकारी है। वर्तमान में चुनी लाल ठाकुर राजकीय प्राथमिक विद्यालय रिड़ी में कनिष्ठ बुनियादी शिक्षक के पद पर कार्यरत है।

### डब्ल्यूपीबीएल : बेंगलुरु जवान्स ने चेन्नई सुपर चैम्प्स को 5-0 से हराया

**मुंबई।** बेंगलुरु जवान्स ने यहां सीसीआई ब्रैबोर्न स्टेडियम में वर्ल्ड पिकलबॉल लीग (डब्ल्यूपीबीएल) के शुरुआती मुकाबले में चेन्नई सुपर चैम्प्स पर 5-0 से जीत दर्ज की। स्कोर भले ही एकतरफा दिखता हो, लेकिन चेन्नई की टीम ने कई बार बेंगलुरु की टीम के सामने चुनौती पेश की, जिससे दर्शकों के लिए मुकाबला रोमांचक रहा। जैक फोस्टर ने एडवर्ड परेज पर 15-14 से जीत दर्ज की, जिसके बाद महिला युगल में भी बेंगलुरु को 15-6 से जीत मिली। पुरुष युगल और मिश्रित युगल में भी बेंगलुरु जीतकर 'क्लीन स्वीप' करने में सफल रहा।

### फिलीपीन ओपन : संधू, चौरसिया और राशिद ने कट में प्रवेश किया

**मनीला।** अजितेश संधू एशियाई टूर पर सत्र के पहले टूर्नामेंट स्मार्ट इन्फिनिटी फिलीपीन ओपन गोल्फ में कट हासिल करने वाले तीन भारतीयों में संयुक्त 26वें स्थान के साथ सर्वश्रेष्ठ है। संधू ने पांच लाख डॉलर (लगभग 4.31 करोड़ रुपए) के तीसरे दौर में 71 का कार्ड खेला। शुरुआती दो दौर में 67 और 70 का कार्ड खेलने वाले संधू का 54 होल के खेल के बाद दो अंडर स्कोर है। कट में जगह बनाने वाले अन्य दो भारतीय एसएसपी चौरसिया (69-73-67) एक-अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 37वें जबकि राशिद खान (70-72-69) एक ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 49वें स्थान पर है। इससे पहले युवराज संधू और राहिल गंगजी कट में जगह बनाने से चूक गए थे।

### एसए20 लीग : सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने दर्ज की लगातार चौथी जीत

**गक्बेरहा।** दो बार की गत चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप एसए20 लीग में यहां जोबर्ग सुपर किंग्स पर 14 रन की जीत के साथ लगातार चौथी सफलता हासिल की। टूर्नामेंट के शुरुआती दोनों सत्र की चैंपियन सनराइजर्स की टीम इस जीत के बाद 19 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। वह पार्ल रॉयल्स से केवल एक अंक नीचे है, जिसने एक मैच कम खेला है। सनराइजर्स की जीत में एक बार फिर कप्तान एडेन मारक्रम और मार्को यानसेन ने अहम योगदान दिए। टीम ने चार विकेट पर 165 रन बनाने के बाद सुपरकिंग्स को 20 ओवर में आठ विकेट पर 151 रन पर रोक दिया। मारक्रम ने 29 गेंद में 43 रन बनाए जबकि टीम में वापसी कर रहे ट्रिस्टन स्टब्स ने 22 गेंद में 35 रन की नाबाद पारी खेली। सलामी बल्लेबाज डेविड बेडिंघम ने भी 37 रन का योगदान दिया। यानसेन (19 रन पर दो विकेट) नयी गेंद से पावरप्ले में शिकंजा कस कर सुपरकिंग्स को बैकफुट पर धकेल दिया।

### जितेन्द्र पाल सिंह इसराइल में भारत के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ राजनयिक जितेन्द्र पाल सिंह को इसराइल में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया। वर्ष 2002 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी सिंह वर्तमान में विदेश मंत्रालय (एमईए) के महत्वपूर्ण पाकिस्तान-अफगानिस्तान-ईरान (पीएआई) प्रभाग में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं। विदेश मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, ''उनके शीघ्र ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है।'' अफगानिस्तान के लिए भारत के प्रतिनिधि के रूप में सिंह ने वहां तालिबान के प्रति भारत के नीतिगत दृष्टिकोण के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### अमेरिका: पीट हेगसेथ को रक्षा मंत्री बनाने पर लगी मुहर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट ने मतदान के दौरान उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के 'टाइब्रेकर' वोट देने के बाद पीट हेगसेथ को अमेरिका का रक्षा मंत्री बनाए जाने को मंजूरी दे दी। अत्यधिक शराब पीने और महिलाओं के प्रति यौन दुर्व्यवहार के आरोपों के बीच रक्षा मंत्री बनने के लिए हेगसेथ की योग्यता पर सवाल उठ रहे थे। सौ सदस्यीय सीनेट में सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी के 53 सदस्य हैं। हेगसेथ की नियुक्ति के पक्ष में 50 और विरोध में भी 50 वोट पड़ने के बाद फैसला टाई हो गया, जिसके बाद वेंस ने 'टाइब्रेकर' वोट देकर हेगसेथ (44) की नियुक्ति पर मुहर लगवा दी। हेगसेथ अफगानिस्तान और इराक युद्ध में सेवाएं दे चुके हैं।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान तकनीकी कारणों से बेंगलुरु लौटी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु से शनिवार को विशाखापत्तनम जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान को तकनीकी कारणों से यहां वापस लौटना पड़ा। बेंगलुरु हवाई अड्डे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस विमान ने पूर्वाह्न 10 बजे उड़ान भरी थी और कुछ समय तक बेंगलुरु के आसमान में चक्कर लगाने के बाद वह हवाई अड्डे पर लौट आया जहां से वह रवाना हुआ था। अधिकारियों ने कहा कि विमान किसी भी आपातस्थिति में नहीं उतरा। उन्होंने कहा, ''उड़ान तकनीकी मुद्दों के चलते लौट आई, लेकिन यह आपात स्थिति में विमान का उतरना नहीं था।'' एयरलाइन की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### केरल में फोन पर पत्नी को तीन तलाक कहने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**कोल्लम (केरल)।** केरल में फोन पर पत्नी को एक साथ तीन तालक कहने के आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि कोल्लम जिले के म्यनागपल्ली निवासी अब्दुल बासित को दो दिन पहले गिरफ्तार किया गया और उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि बासित पर मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम तथा बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है तथा वह फिलहाल चावरा उपजेल में न्यायिक हिरासत में है। पुलिस के मुताबिक बासित को उसकी 20 वर्षीय पत्नी की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया जो कोल्लम की चावरा की रहने वाली है।

### पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे का बेटा भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के बेटे योषिता राजपक्षे को पुलिस ने एक संपत्ति खरीद मामले में भ्रष्टाचार के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किया। नौसेना के पूर्व अधिकारी योषिता को उनके गृह क्षेत्र बेलिएट्टा से गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी 2015 से पहले उनके पिता के राष्ट्रपति रहने के दौरान संपत्ति की खरीद में कथित कदाचार की जांच के बाद की गई है। योषिता, महिंदा राजपक्षे के तीन बेटों में दूसरे नंबर के हैं। योषिता के चाचा एवं पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे से भी पिछले सप्ताह पुलिस ने इसी मामले में पूछताछ की थी।

# आईसीसी पुरुष ट्वेंटी-20 टीम के कप्तान चुने गए रोहित शर्मा

## टीम में जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या और अर्शदीप भी शामिल

**एजेंसी, दुबई**



पिछले साल जून में भारतीय टीम को दूसरा आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्व कप खिताब दिलाने वाले कप्तान रोहित शर्मा को 'आईसीसी पुरुष ट्वेंटी-20 टीम ऑफ द ईयर 2024' का कप्तान चुना गया। भारतीयों के दबदबे वाली इस टीम में स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी शामिल हैं।

कप्तान और बल्लेबाज दोनों के तौर पर 2024 रोहित के लिए अविस्मरणीय रहा।इस अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने 11 मैचों में 42.00 के शानदार औसत और 160 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 378 रन बनाए। रोहित ने तीन अर्धशतक जड़कर भारत के टी-20 विश्व कप अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसमें सुपर आठ चरण में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 रन की शानदार पारी भी शामिल है।

**टीम।** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह (सभी भारतीय); ट्रेविस हेड (ऑस्ट्रेलिया); फिल सॉल्ट (इंग्लैंड); बाबर आजम (पाकिस्तान); निकोलस पूरन (विकेटकीपर; वेस्टइंडीज); सिकंदर रजा (जिम्बाब्वे); राशिद खान (अफगानिस्तान) और वानिंदु हसारंगा (श्रीलंका)।

### मंधाना, ऋचा, दीप्ति साल की सर्वश्रेष्ठ महिला ट्वेंटी-20 टीम में

दिग्गज सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना, विकेटकीपर ऋचा घोष और हरफनमौला दीप्ति शर्मा को भारतीय खिलाड़ियों की दबदबे वाली आईसीसी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय साल 2024 की सर्वश्रेष्ठ टीम में शामिल किया गया। इस टीम में तीन भारतीयों के अलावा दक्षिण अफ्रीकी और श्रीलंका के दो-दो जबकि इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड और पाकिस्तान से एक-एक खिलाड़ी हैं। मंधाना और दीप्ति को शुक्रवार को आईसीसी महिला वनडे साल की सर्वश्रेष्ठ टीम 2024 में भी शामिल किया गया था।

**टीम।** लॉरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), मारिजन काप, स्मृति मंधाना, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, चामरी अट्टापट्टू, हेली मैथ्यूज, नेट सिवर-ब्रंट, अमेलिया केर, ओर्ला प्रेंडरगास्ट और सादिया इकबाल।

## दूसरे ट्वेंटी-20 में इंग्लैंड की शानदार बल्लेबाजी




**एजेंसी,चेन्नई**

भारतीय स्पिनरों ने पांच मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में शानदार गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड को 165 रनों पर रोक दिया।


इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने 45 रन और ब्रायडन कार्स ने 31 रनों की शानदार पारियां खेली।

भारतीय गेंदबाजों वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए। अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह, हार्दिक पांड्या और वॉशिंगटन सुंदर को 1-1 विकेट मिला। एक बल्लेबाज रनआउट हुआ। इससे पहले भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। भारत पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है।

भारतीय टीम में चोटिल नीतिश कुमार रेड्डी और रिंकू सिंह की जगह वॉशिंगटन सुंदर और ध्रुव जुरेल खेले। वहीं इंग्लैंड टीम में गुस एटकिंसन की जगह ब्रायडन कार्स खेले रहे और जैमी स्मिथ को पदार्पण का मौका दिया गया है ।

## शुभमन गिल के शतक के बावजूद पंजाब को मिली पारी से हार

**एजेंसी, बेंगलुरु**



पंजाब के कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (102) शानदार शतक के बावजूद शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप-सी मैच के तीसरे दिन अपनी टीम को कर्नाटक के खिलाफ पारी की हार से बचाने में नाकाम रहे।

गिल ने अपने दूसरे दिन के सात रन के स्कोर में 95 रन जोड़कर 171 गेंदों में 102 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाए। उन्होंने अपना पहला अर्धशतक 119 गेंदों पर बनाया और अगले 50 रन सिर्फ 40 गेंदों में बनाए।

पहली पारी में 420 रन से पिछड़ने वाली पांजब की टीम के लिए वह आउट होने वाले 8वें बल्लेबाज रहे।

पहली पारी में पंजाब के 55 रन के जवाब में कर्नाटक ने आर. स्मरण (203) के दोहरे शतक की मदद से 475 रन बनाए थे। दिन की शुरुआत दूसरी पारी में दो विकेट पर 24 रन करने वाले पंजाब की दूसरी पारी 63.4 आवर में 213 रन पर सिमट गई। कर्नाटक के लिए तेज गेंदबाज यशोवर्धन परंतप और लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल ने तीन-तीन विकेट लेकर टीम के लिए बोनस सहित सात अंक सुनिश्चित किए।

### अर्शदीप 'आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर' बने

**दुबई।** पिछले साल भारत की ट्वेंटी-20 विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को 'आईसीसी पुरुष ट्वेंटी-20



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024' चुना गया। अर्शदीप ने 2024 में 18 मैचों में 36 विकेट लिए। अर्शदीप सिंह पॉवरप्ले और डेथ में गेंदबाजी करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 2022 के वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा 10 विकेट लिए थे। अर्शदीप ने इतिहास रचते हुए ट्वेंटी- इंटरनेशनल क्रिकेट में 97 विकेट के साथ भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने का रिकॉर्ड बनाया है

## गुकेश ने टाटा स्टील शतरंज में अब्दुसात्तोरोव को बराबरी पर रोका

**एजेंसी, विज्क आन जी (नीदरलैंड)**

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने यहां टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के छठी बाजी में संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के साथ ड्रॉ खेला, जबकि आर प्रज्ञानानंदा ने गत चैंपियन चीन के वेई यी के साथ अंक साझा किए।

अब्दुसात्तोरोव और प्रज्ञानानंदा संभावित छह में से 4.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज है जबकि गुकेश चार अंकों के साथ उनके बाद है।

साल के पहले बड़े टूर्नामेंट में अभी सात बाजियों के मुकाबले बाकी हैं। पी हरिकृष्णा, सर्बिया के एलेक्सी सरना और स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव साढे तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं।

गुकेश ने अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मुकाबले में पकड़ ढीली पड़ने के बाद अच्छी वापसी की और 64 चालों के बाद इसे ड्रॉ करने पर सहमत हो गए।

इस मुकाबले की शुरुआत इटालियन ओपनिंग ( सफेद मोहरों से प्यादा और वजीर के चाल के जवाब में काले मोहरों से प्यादा और घोड़े (नाइट) की चाल) से हुई। शुरुआती चालों के बाद अब्दुसत्तोरोव ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत करनी शुरू की।

आखिरी कुछ चालों गुकेश को अपना एक मोहरा गंवाने के लिए मजबूर होना पड़ा। गुकेश इसके बाद काफी दबाव में आ गए। मुश्किल परिस्थिति होने के बावजूद गुकेश ने एक बार फिर अपनी शानदार रक्षात्मक खेल से मुकाबला ड्रॉ कराया।

### मैडिसन कीज बनीं ऑस्ट्रेलियान ओपन चैंपियन

**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलियन ओपन के खिताबी मुकाबले में 19वीं वरियता प्राप्त मैडिसन कीज ने विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका को हराकर खिताब अपने नाम कर



लिया। कीज ने सबालेंका को 6-3, 2-6, 7-5 से मात दी। मैडिसन ने सबालेंका के लगातार तीसरे खिताब की ओर बढ़ते अभियान को समाप्त कर दिया। सबालेंका अगर यह खिताब जीतती तो ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब की हैट्रिक पूरी करने वाली छठी महिला बन जातीं। उनके पास 1997-1999 के बाद से मेलबोर्न पार्क में तीन बार खिताब जीतने वाली मार्टिना हिंगिस के बाद पहली महिला खिलाड़ी बनने का मौका था।

## देश-विदेश

## गणतंत्र दिवस : कर्तव्य पथ पर भारत अपनी सैन्य शक्ति, विरासत का प्रदर्शन करेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में यहां रविवार को कर्तव्य पथ पर अपनी सैन्य शक्ति और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करने के अलावा विरासत और विकास का प्रतीकात्मक संगम प्रदर्शित करेगा। राष्ट्र संविधान के लागू होने का 'प्लेटिनम जुबली' भी 26 जनवरी को मनाएगा।

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो इस अवसर पर मुख्यातिथि होंगे। परेड में इंडोनेशिया का 352 सदस्यीय मार्चिंग और बैंड दस्ता भी भाग लेगा।

सुबियांतो गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने वाले इंडोनेशिया के चौथे राष्ट्रपति होंगे। इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति सुकर्णो 1950 में, भारत के पहले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे।

संविधान के लागू होने का 75 साल पूरा होना इस वर्ष समारोहों का मुख्य आकर्षण है, लेकिन झांकियों का विषय 'स्वर्णिम भारत: विरासत और विकास' है।

रविवार को विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 16 झांकियां और केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और संगठनों की 15 झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। देश अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन ब्रह्मोस, पिनाक और आकाश सहित कुछ अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों का प्रदर्शन करेगा। साथ ही, सेना की युद्ध निगरानी प्रणाली 'संजय' और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की सतह से सतह पर मार करने वाली सामरिक मिसाइल 'प्रलय' पहली बार परेड में शामिल की जाएगी।

### ट्रंप को धमकी देने के आरोप में इंडियाना का व्यक्ति गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रांत इंडियाना के एक व्यक्ति को टिकटॉक पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने कहा है कि गोशेन के डगलस थ्रैम्स (23) ने इस सप्ताह सोशल मीडिया साइट पर पोस्ट किए गए वीडियो में कई धमकियां दी हैं।

एफबीआई के एजेंट ने अदालत में शिकायत में कहा है टिकटॉक पर एक वीडियो में थ्रैम्स ने कहा कि ट्रंप को मार दिया जाना चाहिए ''और इस बार चूकना नहीं चाहिए।''

## पंजाब-हरियाणा में गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




फाइल फोटो।

गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि संवेदनशील स्थानों और प्रमुख प्रतिष्ठानों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और जिला मुख्यालयों के सरकारी भवनों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जिन स्थानों पर शीर्ष गणमान्य गणतंत्र दिवस में शामिल होंगे वहां और उनके आसपास भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि पंजाब और हरियाणा में संवेदनशील स्थानों पर कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए श्वान और बम निरोधक दस्ते को भी तैनात किया गया है।

### पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में दस आतंकवादियों को किया गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने एक ''बड़े आतंकवादी नेटवर्क'' को ध्वस्त कर दिया और प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) समूह से जुड़े 10 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है।

पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के प्रवक्ता ने कहा, ''इस सप्ताह पूरे प्रांत में खुफिया जानकारी पर आधारित कई अभियानों के दौरान सुरक्षा एजेंसियों की त्वरित और निर्णायक कार्रवाई ने लाहौर और पंजाब के अन्य शहरों में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर योजनाबद्ध हमलों को नाकाम कर दिया।''

उन्होंने कहा कि लाहौर, रावलपिंडी, शेखपुरा, बहावलनगर, मियांवाली, सरगोधा और फैसलाबाद सहित जिलों में 163 खुफिया अभियान चलाए गए।

### यमन के हूती विद्रोहियों ने 153 युद्ध बंदियों को रिहा किया

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने शनिवार को 153 युद्ध बंदियों को एकतरफा रिहा कर दिया। रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति ने यह जानकारी दी।

हूती विद्रोहियों ने गत रात संकेत दिया था कि वे बंदियों को रिहा करने की योजना बना रहे हैं। यह गाजा पट्टी में इजराइल-हमास के बीच संघर्ष विराम के बाद तनाव को कम करने के प्रयासों का एक हिस्सा है।

### वर्ल्ड हिमाचल आर्गेनाइजेशन ने हिमाचल के पूर्ण राज्यत्व दिवस पर लगाया चिकित्सा शिविर

## शिविर में 250 लोगों का जांचा गया स्वास्थ्य

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**




हिमाचल प्रदेश के 54वें पूर्ण राज्यत्व दिवस के उपलक्ष्य में वर्ल्ड हिमाचल आर्गेनाइजेशन द्वारा सेक्टर-40ए स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल सेक्टर-32 के प्रधान निदेशक प्रो एके अत्री ने किया। इस अवसर पर हिंदू पर्व महासभा चंडीगढ़ के अध्यक्ष बीपी अरोड़ा और चंडीगड़ भाजपा एवं नगर निगम के पूर्व मेयर अरुण सूद और ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया। चिकित्सा शिविर में मोहाली के प्रसिद्ध चीमा मेडिकल काम्प्लेक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजिस्ट, ऑर्थोलोजिस्ट, यूरलॉजिस्ट, डर्मोटोलॉजिस्ट, ईसीजी, बीएमडी, आरबीएस आकू प्रेशर,विशेषज्ञों ने कुल 250 से भी अधिक लोगों की जांच की और उनके टेस्ट किए। संस्था की चेयरमैन आशा जसवाल ने बताया कि संस्था के इस नेक काम का हिस्सा बनने हेतु चंडीगढ़ और इसके आसपास की 12 हिमाचली संस्थाओं ने इसमें भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली चुनाव

### दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने 2025 तक यमुना साफ करने का किया था वादा

## प्रवेश वर्मा ने विसर्जित किया केजरीवाल का पुतला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नई दिल्ली विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने यमुना को साफ करने का वादा पूरा नहीं करने के लिए नदी के गंदे पानी में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का एक पुतला विसर्जित किया। प्रवेश वर्मा ने आईटीओ पर नदी तट के निकट पत्रकारों से कहा कि यमुना की सफाई का वादा पूरा करने में केजरीवाल की विफलता स्पष्ट हो गई है।

उन्होंने कहा, '11 साल सत्ता में रहने और 8,000 करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद 'आप' सरकार यमुना की सफाई का अपना वादा पूरा करने में विफल रही। यह दिल्ली के लोगों के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात है।' केजरीवाल ने दावा किया था कि वे 2025 तक गंगा को साफ कर देंगे, लेकिन स्थिति और खराब हो गई है।

उन्होंने कहा, 'उनके पुतले को विसर्जित करके हम दिल्ली की जनता के सामने उनकी विफलता को उजागर कर रहे हैं।' दिल्ली




विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में 'आप' प्रमुख ने माना था कि वह यमुना की सफाई का वादा पूरा नहीं कर पाए। अब केजरीवाल ने लोगों को भरोसा दिलाया है कि दिल्ली में आप की सरकार बनने के बाद अगले दो-तीन साल में नदी साफ हो जाएगी।

प्रवेश वर्मा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के रूप में केजरीवाल का कार्यकाल 'खोखले वादों व झूठे दावों' तक सीमित रहा है। उन्होंने 'आप' संयोजक पर यमुना को साफ करने की मंशा और क्षमता का अभाव होने का भी आरोप लगाया।

प्रवेश वर्मा ने कहा, 'यमुना में उनका पुतला विसर्जित करने का यह कार्य लोगों को याद दिलाता है कि अब दिल्ली को झूठे वादों से मुक्त करने का समय आ गया है।'

उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन का उद्देश्य केजरीवाल और 'आप' सरकार की 'विफलताओं' को उजागर करना है।

## हमास ने इसराइल की चार महिला सैनिकों को रिहा किया

**एजेंसी, दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)**

हमास आतंकवादियों ने गाजा पट्टी में युद्ध रोकने के लिए इसराइल के साथ हुए युद्ध विराम समझौते के तहत उसकी चार महिला सैनिकों को शनिवार को भीड़ के सामने परेड करने के बाद रिहा कर दिया। चारों महिला सैनिकों की रिहाई के बदले इसराइल के भी 200 फलस्तीनी कैदियों को मुक्त करने की संभावना है।

इसराइली सेना ने हमास द्वारा छोड़ी गई चारों महिला सैनिकों- करीना एरिएव (20), डेनियेला गिल्बोआ (20), नामा लेवी (20) और लिरी अल्बाग (19) के उसके पास पहुंचने की पुष्टि की है। उसने बताया कि हमास आतंकवादियों ने इन महिला सैनिकों को गाजा पट्टी में हजारों लोगों की भीड़ के सामने परेड कराने के बाद रेड क्रॉस को सौंप दिया था।

शनिवार को इसराइल और हमास के बीच बंधकों और कैदियों की संभावित अदला-बदली के मद्देनजर तेल अवीव के बंधक चौक और गाजा सिटी के फलस्तीन चौक पर सुबह से ही भीड़ जुटने लगी थी। यह दोनों पक्षों के बीच गाजा पट्टी में पिछले सप्ताहांत प्रभावी हुए युद्ध विराम समझौते के तहत इस तरह की दूसरी अदला-बदली है। युद्ध विराम समझौते का मकसद गाजा पट्टी में इसराइल और हमास के बीच अब तक के सबसे भीषण और विनाशकारी युद्ध को समाप्त करना है।